RNI No. : TNHIN/2013/52520 ▪ वर्ष - 13 ▪ अंक - 241 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 30-03-2026 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 पुराने कृत्यों के लिए शाह के खिलाफ 'आरोपपत्र' होना चाहिए : ममता बनर्जी

6 बालेन शाह और नेपाल के युवा नेतृत्व का नया 'प्रशासनिक मॉडल'

7 अनुपम खेर ने दिया मॉडलिंग के लिए आवेदन

## फर्स्ट टेक

### बेंगलूरु (ग्रामीण) में मंदिर का प्रसाद खाने के बाद 60 से अधिक लोग बीमार

**बेंगलूरु/भाषा।** बेंगलूरु (ग्रामीण) जिले में राम नवमी का प्रसाद खाने के बाद लगभग 60 लोग बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार को लगभग 400 लोगों ने प्रसाद खाया था और उनमें से कई लोगों ने पेट दर्द, उल्टी तथा दस्त जैसे लक्षणों की शिकायत करना शुरू कर दिया। उन्हें रविवार तड़के अस्पताल ले जाया गया। बेंगलूरु ग्रामीण जिला के स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) लक्का कृष्णा रेड्डी ने देवनहल्ली में पत्रकारों से कहा, ''रविवार तड़के 60 लोग बीमार पड़ गए। इलाज के बाद सभी खतरे से बाहर हैं।'' करीब 46 लोगों को देवनहल्ली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया गया, जबकि शेष लोगों को एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### नेपाल में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया

**काठमांडू/भाषा।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। स्थानीय समयानुसार रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था, जो काठमांडू से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। भूकंप के झटके काठमांडू सहित पड़ोसी जिलों में भी महसूस किए गए।

### उत्तर कोरिया ने अमेरिकी मुख्यभूमि तक मार करने में सक्षम मिसाइल के इंजन का परीक्षण किया

**सियोल/एपी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियारों के लिए उन्नत, उच्च-शक्ति वाले, ठोस-ईंधन चालित इंजन के परीक्षण का अवलोकन किया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को मजबूत करने वाला बताया। सरकारी मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। यह परीक्षण अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलें हासिल करने के किम के घोषित लक्ष्य के अनुरूप है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के बारे में संभवत: बढ़ा-चढ़ा कर दावा किया है। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और ''सबसे बड़े दुश्मन'' दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे।

| 30-03-2026 | 31-03-2026 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:20 बजे | सूर्योदय 6:05 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,583.22 | 22,819.60 |
| (-1,690.23) | (-486.85) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 15,249 रु. | 237,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### भारत नीति

हम नहीं समर्थक हिंसा के,
आदर्श हमारे रहे बुद्ध।
हैं विश्व शांति के हम प्रहरी,
मन वचन कर्म से सदा शुद्ध।
जो मानवता पर घात करे,
उन दुष्टों पर ही हुए क्रुद्ध।
योद्धा हैं सबल शक्ति से युत,
पर नहीं चाहते कभी युद्ध।।

# भाजपा-राजग सरकार के लिए भारतीयों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

## सरकार का प्रयास है कि प. एशिया में जारी युद्ध का भारत पर कम प्रभाव पड़े : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पलक्कड़ (केरल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का भारत पर कम से कम प्रभाव पड़े। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर ''राजनीतिक फायदे'' के लिए भारतीयों के जीवन को खतरे में डालने वाली ''खतरनाक'' टिप्पणियां करने का आरोप लगाया।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के कई लोग संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, ''इस समय सभी का ध्यान पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर केंद्रित है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है कि भारत पर इसका कम से कम प्रभाव पड़े।''

राजनयिक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा, ''युद्ध की शुरुआत से ही मैं इन सभी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ लगातार संपर्क में हूं। सभी राष्ट्र संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि विदेश में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की सहायता के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।

मोदी ने कहा, ''वहां हमारे भाइयों और बहनों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय दूतावास भी दिन-रात काम कर रहे हैं। भाजपा-राजग सरकार के लिए भारतीयों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।''

कांग्रेस पर निशाना बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''आपको यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस इस संवेदनशील मुद्दे पर किस तरह के बयान दे रही है - वे खतरनाक हैं। कांग्रेस खाड़ी देशों में रहने वाले लगभग एक करोड़ भारतीयों की जान खतरे में डालना चाहती है, ताकि वह इससे राजनीतिक फायदा उठा सके।''



# घुसपैठ रोकना ही काफी नहीं है, हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ढेकियाजुली (असम)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह ''पर्याप्त नहीं है'', क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए।

सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा ने 10 साल पहले असम में घुसपैठियों को रोकने का वादा किया था और उस वादे को निभाया।

शाह ने कहा, ''हालांकि, यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि हमें अगले पांच वर्षों में प्रत्येक अवैध प्रवासी को देश से बाहर भेजना होगा।'' उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों ने असम के मूल निवासियों के रोजगार छीन लिए हैं और गरीबों का अनाज हड़प लिया है।

शाह ने दावा किया कि हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने घुसपैठियों द्वारा कब्जा की गई 1.25 लाख एकड़ भूमि को मुक्त करा दिया है और अगले पांच वर्षों में शर्मा यह सुनिश्चित करेंगे कि एक इंच भूमि भी उनके कब्जे में न रहे।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ''घुसपैठियों को संरक्षण'' देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

## भारत के दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित निकले

**नई दिल्ली/भाषा।** दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकल चुके हैं और अगले कुछ दिन में इनके भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन जहाज पर देश के लगभग एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, जो लगभग 94,000 टन का एलपीजी कार्गो ले जा रहे हैं, सुरक्षित रूप से इस क्षेत्र से गुजर चुके हैं और भारतीय तटों की ओर बढ़ रहे हैं।'' जहां बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। अमेरिका और इजराइल के हमलों और ईरान की व्यापक प्रतिक्रिया के कारण जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। यह संकीर्ण समुद्री मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि ''जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं।''



# न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं : उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सभी नागरिकों के लिए सुलभ, किफायती और समय पर न्याय की आवश्यकता पर रविवार को जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार है। उन्होंने विधि मंत्रालय की 'टेली-लॉ' पहल के तहत न्याय तक समावेशी, प्रौद्योगिकी-आधारित पहुंच का भी आह्वान किया।

यहां इस पहल पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने हाल में हुए कानूनी सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि नए आपराधिक कानूनों में बदलाव, प्रक्रियाओं को सरल बनाकर और दक्षता में सुधार करके, अधिक नागरिक-केंद्रित न्याय प्रणाली की ओर एक ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। उन्होंने शासन में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) और टेली-मेडिसिन जैसी पहल का उदाहरण दिया और 'टेली-लॉ' पहल को कानूनी सेवाओं के लोकतंत्रीकरण का एक शक्तिशाली माध्यम बताया।

राधाकृष्णन ने कहा कि मुकदमे से पहले कानूनी सलाह विवादों को शीघ्र सुलझाने, अनावश्यक मुकदमेबाजी को कम करने और अदालतों पर बोझ कम करने में सहायक हो सकती है।

उपराष्ट्रपति ने भाषाई समावेशन के महत्व पर जोर देते हुए संविधान को कई क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों के बारे में बताया और समझ और भागीदारी को बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं में कानूनी परामर्श प्रदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने कानूनी सेवाओं को अंतिम छोर विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केंद्रित प्रयासों का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने न्याय तक पहुंच बढ़ाने में जमीनी स्तर पर योगदान देने वाले अर्द्ध-कानूनी स्वयंसेवकों, सामान्य सेवा केंद्रों, वकीलों और अन्य हितधारकों की सराहना की।

# रोहित और रिकलटन ने मुंबई इंडियंस का 13 सत्र के पहले मैच में हार का सिलसिला खत्म किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (78 रन) और रेयान रिकलटन (81 रन) के अर्धशतकों के साथ पहले विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट के 13 सत्र से चले आ रहे पहले मैच में हार के सिलसिले को खत्म किया।

मुंबई इंडियंस हमेशा आईपीएल में धीमी शुरुआत करने वाली टीम रही है। टीम ने आईपीएल में आखिरी बार अपना पहला मैच अप्रैल 2012 में जीता था जिसमें उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को आठ विकेट से हराया था। टीम ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता लेकिन पहले मैच में हार का सिलसिला जारी रहा।

केकेआर ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों से 20 ओवर में चार विकेट पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। रोहित (43 गेंद, चार चौके और आठ छक्के) और रिकलटन (38 गेंद, छह चौके, छह छक्के) की मदद से मुंबई इंडियंस ने 19.1 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत हासिल की।

# ईरान ने अमेरिका को जमीनी आक्रमण के खिलाफ चेतावनी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दुबई/एपी।** ईरान के एक शीर्ष अधिकारी ने अमेरिका को जमीनी आक्रमण के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिकी सैनिकों को ''आग के हवाले कर दिया जाएगा।''

उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब महीने भर से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान में क्षेत्रीय विदेश मंत्री एकत्र हुए हैं।

ईरान की सरकारी मीडिया की खबर के मुताबिक, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा कि सप्ताहांत में हुई वार्ता केवल एक बहाना थी क्योंकि अमेरिका पश्चिम एशिया में अतिरिक्त सैनिक भेज रहा है।

पाकिस्तान ने कहा है कि सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री पश्चिम एशिया युद्ध को समाप्त करने के मकसद से इस्लामाबाद में अमेरिका या इजराइल की भागीदारी के बिना बातचीत कर रहे हैं।

हालांकि, प्रगति के बहुत कम संकेत मिले क्योंकि इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर हमले जारी रखे जबकि तेहरान ने भी पूरे क्षेत्र में मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी हमले जारी रखे।

## अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक पश्चिम एशिया क्षेत्र में पहुंचे

**दुबई/एपी।** पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक इस क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है।




इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के कम से कम 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

# विकास के रास्ते पर बढ़ रहा भारत 'एकमात्र देश' : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से पड़ोसी देशों में अघोषित आपातकाल जैसे हालात होने के बीच भारत विकास के पथ पर लगातार कदम बढ़ा रहा दुनिया का एकमात्र देश है।

मुख्यमंत्री ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपजे हालात का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''युद्ध की वजह से अस्थिरता का माहौल है। दुनिया संकट में है और उथल-पुथल चल रही है। अनेक देशों में आपातकाल लागू हो गया है। वहां लोगों में संशय का माहौल बना हुआ है। तमाम देशों ने अपने यहां लोगों की सेवा में कटौती शुरू कर दी है। कार्य के घंटे और वेतन को कम करना प्रारंभ कर दिया है, क्योंकि अब उनकी अर्थव्यवस्था जवाब दे रही है।''

आदित्यनाथ ने कहा कि खाड़ी के देशों पर कम निर्भरता वाले अमेरिका जैसे देश में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अगल-बगल के देशों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमा, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया सबकी हालत खराब है और अघोषित आपातकाल जैसी स्थितियां हैं, लेकिन इन सब में बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके भारत दुनिया का एकमात्र देश है, जो लगातार अपनी यात्रा की ओर मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है, क्योंकि भारत के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे 'दूरदर्शी नेता' हैं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि जहां दुनिया में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं वहीं, प्रधानमंत्री ने आपूर्ति को बेहतर बनाने के साथ पेट्रोलियम उत्पादों के दाम को नियंत्रित करने के लिए कर को कम करके देश की 145 करोड़ जनता को राहत दी है। उन्होंने यह भी दावा किया, ''यह अकेले भारत में ही हुआ है, दुनिया में और कहीं नहीं हुआ है। इसका लाभ केवल भाजपा और एक वर्ग विशेष नहीं ले रहा है बल्कि पूरा देश लाभ ले रहा है।''

आदित्यनाथ ने विरोधी दलों पर अफवाह फैलाने के आरोप लगाते हुए कहा, ''प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, तो उन्हें रोकने के लिए किस-किस प्रकार के निम्न स्तरीय प्रयास हुए हैं। अफवाह फैलाई जा रही है, माहौल को दुष्प्रचार में बदलने का काम हो रहा है। कहीं कोई बोलता है कि 14 किलो के गैस सिलेंडर में केवल चार किलो गैस मिल रही है। ये बचकानी हरकतें हैं। कोई झूठी अफवाह फैला रहा है कि देश में लॉकडाउन लग जाएगा। ये अफवाहबाज देश का नुकसान पहुंचा रहे हैं।''

मुख्यमंत्री ने गैस एजेंसियों में लग रही लोगों की कतारों का जिक्र करते हुए कहा, ''25 दिन चलने वाले रसोई गैस के सिलेंडर के लिए लोग सातवें दिन लाइन लगाने के लिए क्यों खड़े हो रहे हैं। वहीं गाड़ी की टंकी भरी है जो अगले चार दिन चल सकती है, तो हम पेट्रोल निकाल करके क्यों फिर से लाइन में खड़े हो रहे हैं। ये नहीं होना चाहिए। हमें किसी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिये।''

# प्रधानमंत्री मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ पर केरल को लूटने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पलक्कड़ (केरल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर रविवार को निशाना साधा और उन पर केरल को ''लूटने'' का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ही राज्य की ''असली ए-टीम'' है, न कि किसी की ''बी-टीम''।

भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए मोदी ने दावा किया कि राजग केरल में अगली सरकार बनायेगा। उन्होंने कहा, ''केरल में भाजपा और राजग की टीम मिलकर सरकार बनाएंगी। केरल की जनता के आशीर्वाद और आप सभी के सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।''

केरल में सत्ता में आने पर मोदी की गारंटी को पूरा करने का वादा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें राज्य में बदलते राजनीतिक माहौल का आभास हो रहा है, जो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए बढ़ते समर्थन का संकेत है। उन्होंने कहा, ''केरल में एक अलग ही माहौल है, जो बदलाव का संदेश दे रहा है।'' मोदी ने दावा किया कि राजग और भाजपा की समाज के विभिन्न वर्गों के बीच स्वीकार्यता बढ़ रही है। उन्होंने कहा, अब केरल के युवाओं को भाजपा और राजग पर भरोसा है। अब केरल की महिलाओं को भाजपा और राजग से लगाव है।



अब केरल के किसानों को भाजपा और राजग से प्रेम है।'' दोनों मोर्चा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सत्ता में आते रहे हैं और इस दौरान उन्होंने राज्य को ''लूटा'' है। उन्होंने कहा, ''उनके बीच एक व्यावहारिक समझौता रहा है – कुछ वर्षों तक एलडीएफ सरकार चलाती है और अपनी जेबें भरती है और उसके बाद यूडीएफ आती है और लूट जारी रखती है। इस व्यवस्था में केरल फंसा हुआ है।'' उन्होंने कहा कि वामपंथी और कांग्रेस दोनों एक-दूसरे पर भाजपा की ''बी-टीम'' होने का आरोप लगाते हैं। मोदी ने कहा, ''इसका मतलब यह है कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ने खुद स्वीकार किया है कि केरल में इस चुनाव में अगर कोई असली 'ए-टीम' है, तो वह सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों मोर्चा डर के कारण भाजपा को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इसका मतलब यह है कि यदि ये दोनों भ्रष्ट पार्टियां किसी से डरती हैं, तो वह भाजपा है। वे भाजपा से इसलिए डरते हैं क्योंकि उनका मानना है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो उनके सारे गलत कृत्यों का खुलासा हो जायेगा।'' उन्होंने आरोप लगाया कि एलडीएफ और यूडीएफ की सरकारें बड़े घोटालों में संलिप्त रही हैं और एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा, ''यदि भाजपा की सरकार सत्ता में आती है, तो वह एलडीएफ और यूडीएफ के हर घोटाले की जांच करेगी और केरल के लोगों को न्याय दिलाएगी।''

# त्रिशूर में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में लोगों की भीड़ उमड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**त्रिशूर (केरल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ने के कारण यह आयोजन एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में बदलता दिखा।

स्वराज चौराहे पर जिला अस्पताल के पास से रोड शो शुरू हुआ और शहर के मध्य से होते हुए लगभग 900 मीटर की दूरी तय करते हुए बिनी हेरिटेज होटल के पास समाप्त हुआ।

इस विशाल रोड-शो ने केरल की सांस्कृतिक राजधानी (त्रिशूर) को पार्टी के झंडों, उत्साहित समर्थकों और उत्सुक दर्शकों के समंदर में बदल दिया।

पार्टी सूत्रों के अनुमान के अनुसार, लगभग 50,000 लोग उपस्थित थे।

शाम की भीषण गर्मी की परवाह किए बगैर लोग रोड शो के लिए निर्धारित मार्ग के दोनों ओर घंटों पहले से एकत्र हो गए थे, हाथ हिला रहे थे, नारे लगा रहे थे और प्रधानमंत्री के सजे-धजे खुले वाहन से अभिवादन करते समय अपने मोबाइल फोन में उन पलों को रिकॉर्ड कर रहे थे।

त्रिशूर जिले के प्रमुख राजग उम्मीदवार, जिनमें पद्मजा वेणुगोपाल और के.के. अनीश कुमार शामिल थे, प्रधानमंत्री के साथ रोड शो में शामिल हुए।

## तेलंगाना विधानसभा : हंगामा कर रहे बीआरएस सदस्यों को सत्र समाप्त होने तक निलंबित किया गया

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना विधानसभा में रविवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सदस्यों द्वारा लगातार हंगामा किया गया, जिन्होंने राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी से जुड़े कथित अवैध खनन की जांच के लिए सदन की समिति के गठन की मांग की। सदन में उपस्थित विपक्षी सदस्यों को अंततः दो दिनों के लिए यानी वर्तमान सत्र के अंत तक के लिए निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस सदस्यों ने कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष की कड़ी आलोचना की, जिसके बाद मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सदन के सुचारू संचालन के लिए प्रदर्शनकारी बीआरएस सदस्यों को निलंबित करने का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सुझाव दिया कि बीआरएस सदस्य या तो अपनी सीटों पर वापस बैठ जाएं और सदन को चलने दें, या उन्हें दो दिनों के लिए निलंबित कर दिया जाए ताकि विधानसभा अपना कामकाज कर सके।

# अगले दो साल के भीतर मप्र में हवाई अड्डों की तादाद बढ़कर 10 हो जाएगी : मुख्यमंत्री यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**इंदौर/भाषा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को कहा कि अगले दो साल के भीतर उज्जैन और शिवपुरी में नए हवाई अड्डों का निर्माण कार्य पूरा होते ही राज्य में हवाई अड्डों की कुल तादाद बढ़कर 10 पर पहुंच जाएगी।



यादव, इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर नवीनीकृत टर्मिनल भवन, उड़ान यात्री कैफे और आधारभूत ढांचे के उन्नयन से जुड़ी अन्य सुविधाओं के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये इन सुविधाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री यादव ने लोकार्पण समारोह में बताया कि फिलहाल प्रदेश में आठ हवाई अड्डों के साथ 20 हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड हैं। उन्होंने कहा,''उज्जैन और शिवपुरी में अगले दो साल के भीतर हवाई अड्डों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इससे सूबे में हवाई अड्डों की कुल तादाद बढ़कर 10 हो जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने बताया कि शहडोल, नीमच, छिंदवाड़ा और मंडला की हवाई पट्टियों को क्षेत्रीय संपर्क योजना (रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम) के तहत हवाई अड्डे के तौर पर विकसित करने की योजना बनाई गई है। यादव ने बताया कि उड्डयन सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रदेश सरकार ने यह भी तय किया है कि हर 145 किलोमीटर पर एक हवाई पट्टी बनाई जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के पुराने टर्मिनल भवन का 50 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया गया है और इसे 'टी-1' (टर्मिनल 1) नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के लोकार्पण के साथ ही हवाई अड्डे पर टर्मिनल भवनों की तादाद बढ़कर दो हो गई है और दोनों इमारतों के बूते हवाई अड्डे की सालाना यात्री क्षमता बढ़कर कुल 50 लाख पर पहुंच गई है।

## पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने वाले नेताओं की जरूरत नहीं: मुख्यमंत्री नायडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सुप्रीमो एवं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि पार्टी की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है और पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने वाले नेताओं की कोई आवश्यकता नहीं है।

नायडू ने तेलुगु देशम पार्टी के 44वें स्थापना दिवस समारोह में सभा को संबोधित करते हुए अनुशासन, प्रतिबद्धता और वैचारिक निष्ठा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल अच्छा प्रदर्शन करने वालों को ही जन प्रतिनिधि के रूप में मान्यता और पदोन्नति मिलेगी।

नायडू ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करने या उन्हें परेशान करने वाले नेताओं की कोई आवश्यकता नहीं है। जो लोग कड़ी मेहनत करेंगे, उन्हें मान्यता मिलेगी, उनकी रक्षा की जाएगी और उन्हें पदों से प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेदेपा की जीत राज्य की जीत है। नायडू ने अतीत की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान पार्टी नेताओं पर साजिशों व हमलों सहित विभिन्न समयों पर पार्टी को कमजोर करने के प्रयास किए गए लेकिन तेदेपा हमेशा पहले से मजबूत होकर उभरी।


मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी रही है, जिसमें दिवंगत कार्यकर्ताओं के परिवारों को सहायता देना और संस्थागत सहयोग के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना शामिल है। उन्होंने सत्ता की वर्तमान स्थिति का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि उनके बलिदान और कड़ी मेहनत ने पार्टी की वापसी को संभव बनाया। नायडू ने कार्यकर्ताओं के परिवारों के लिए मुफ्त शिक्षा सहित निरंतर कल्याणकारी उपायों का आश्वासन दिया।



## जम्मू मैराथन शहर को फिटनेस पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करेगी : उमर

**जम्मू/भाषा।** जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि ' टेम्पल्स टू ट्रेल्स' (मंदिरों से लेकर पगडंडियों तक)थीम पर आधारित जम्मू मैराथन शीतकालीन राजधानी को फिटनेस पर्यटन और सांस्कृतिक अन्वेषण के लिए एक जीवंत गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी। अब्दुल्ला ने स्वयं इस मैराथन में दौड़ लगाई। उन्होंने यहां मौलाना आजाद स्टेडियम में जम्मू मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और खराब मौसम के बावजूद दो घंटे में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, '' मुख्यमंत्री ने आज जम्मू मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और 21.1 किलोमीटर की हाफ मैराथन में भी भाग लिया। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और दैनिक जीवन में फिटनेस और समग्र स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया।'' अब्दुल्ला ने कहा कि ''टेम्पल्स टू ट्रेल्स''की थीम पर आधारित यह कार्यक्रम जम्मू को फिटनेस पर्यटन और सांस्कृतिक अन्वेषण के लिए एक जीवंत गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इसके समृद्ध विरासत के साथ-साथ इसके सुरम्य परिदृश्यों को भी प्रदर्शित करेगा।

## जम्मू मैराथन जम्मू-कश्मीर में 2019 से आए परिवर्तनकारी बदलावों को दर्शाती है : सिन्हा



**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि जम्मू मैराथन जम्मू-कश्मीर में 2019 से आए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। केंद्र सरकार ने 2019 में राज्य को अनुच्छेद 370 के तहत मिले विशेष दर्जे को समाप्त कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

उपराज्यपाल ने यहां जम्मू मैराथन के अभिनंदन समारोह में कहा, ''शांति, समृद्धि और अनुकूल परिस्थितियों ने केंद्र शासित प्रदेश को विश्व स्तरीय आयोजनों का केंद्र बना दिया है। जम्मू-कश्मीर सात दशकों के बाद वैश्विक मंच पर अपना उचित स्थान प्राप्त कर रहा है।''

जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस मैराथन में पहली बार जम्मू में अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें 21 किमी, 10 किमी और पांच किमी की दौड़ श्रेणियों में देश-विदेश से हजारों धावकों ने भाग लिया।

# गुजरात सरकार पर्याप्त गैस उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है : हर्ष संघवी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सूरत/भाषा।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के लिए पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है और पश्चिम एशिया संकट के बीच लोगों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, संघवी ने सूरत, अंकलेश्वर, वापी और भरूच के औद्योगिक संघों के साथ श्रमिकों और गैस आपूर्ति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आयोजित उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से यह बात कही।

संघवी ने कहा, ''सरकार श्रमिकों के लिए पांच किलो एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है। लोगों को सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास नहीं करना चाहिए तथा आधिकारिक स्रोतों से जानकारी की पुष्टि करनी चाहिए। गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'' उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिण गुजरात के पंदेसरा, वापी, अंकलेश्वर और दहेज जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक संघ औद्योगिक रसोई और सामुदायिक सेवाओं के माध्यम से भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूरत और आसपास के क्षेत्रों में वर्तमान में 118 सामुदायिक रसोई कार्यरत हैं। संघवी ने गुजरात गैस कंपनी को एलपीजी का उपयोग कर रहे लोगों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रत्येक जिले में कालाबाजारी पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल या आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।''

## प. एशिया संकट लंबा खिंचा तो प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली/भाषा।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपए प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े। साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं। पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं।

## 100 रुपए के लेन-देन को लेकर एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या, तीन गिरफ्तार

**बड़वानी (मप्र)/भाषा।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में महज 100 रुपए के लेन-देन के विवाद में 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पाटी थाने के प्रभारी रामदास यादव ने बताया कि फूल सिंह (35) ने मनीष सोलंकी (23) को कुछ वक्त पहले 100 रुपए उधार दिए थे और जब उसने यह रकम वापस मांगी, तो शनिवार और रविवार की दरमियानी रात सोलंकी का उससे विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि सोलंकी ने अपने दो साथियों-वीरेंद्र सोलंकी (20) और रणछोड़ सोलंकी (19) के साथ मिलकर फूल सिंह को बुरी तरह पीटा। यादव ने बताया, ''छाती, गुप्तांग और अन्य अंगों में गंभीर चोटों से फूल सिंह की मौत हो गई।'' थाना प्रभारी ने बताया कि हत्याकांड के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और पोस्टमॉर्टम के बाद फूल सिंह के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर

**सुकमा/भाषा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में पांच लाख रुपए के इनामी एक नक्सली को मार गिराया गया। घटना केंद्र द्वारा देश से वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय सीमा से दो दिन पहले हुई। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया गोलीबारी पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगल में हुई, जहां सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल रोधी अभियान पर तैनात थी। गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव और हथियार बरामद किए गए। मृतक मुचाकी कैलाश माओवादियों की प्लाटून नंबर 31 का सेक्शन कमांडर था और उस पर पांच लाख रुपए का इनाम था। कैलाश नागरिकों की हत्या, देसी बम लगाने और पुलिस पर हमले जैसी घटनाओं में शामिल था। यह मुठभेड़ केंद्र द्वारा देश से सशस्त्र नक्सलवाद को खत्म करने के लिए निर्धारित 31 मार्च की समय सीमा से ठीक दो दिन पहले हुई है।



## कूनो में जन्मी चीता 'मुखी' हुई तीन साल की, मुख्यमंत्री ने बताया गौरव का क्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में जन्म लेने वाली चीता 'मुखी' रविवार को तीन वर्ष की हो गई, जिसे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देश के वन्य-जीव संरक्षण के लिए गौरव का क्षण करार दिया। चीता मुखी का जन्म 29 मार्च 2023 को नामीबिया से लाई गई 'ज्वाला' की कोख से हुआ था। वह चार शावकों के समूह में एकमात्र जीवित बची थी। भीषण गर्मी के कारण उसके अन्य तीन भाई-बहन जीवित नहीं रह सके।

मुख्यमंत्री यादव ने एक बयान में कहा कि कूनो में जन्मी चीता 'मुखी' का तीसरा जन्मदिन प्रदेश के साथ ही पूरे देश के वन्य-जीव संरक्षण के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा, ''चीता 'मुखी' की कहानी भारत में चीतों की पुनर्स्थापना के प्रयासों के दृढ़ संकल्प, श्रेष्ठ वैज्ञानिक प्रबंधन और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गई है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुखी' के तीसरे जन्मदिवस के अवसर पर केएनपी में एक विशेष और भावनात्मक वातावरण देखने को मिला। उन्होंने कहा कि एक नन्हे शावक से आत्मविश्वास से लबरेज फर्राटे भरती वयस्क चीता और अब एक मां बनने तक की मुखी की यात्रा प्रेरणादायक रही है। उन्होंने कहा, ''यह यात्रा इस बात का संकेत है कि भारत में चीतों के संरक्षण और पुनर्वास के प्रयास सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'' बयान में कहा गया कि प्रारंभिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन कूनो राष्ट्रीय उद्यान के पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की सतत निगरानी और देखभाल से 'मुखी' आज पूर्णतः स्वस्थ है। 'मुखी' को भारतीय जलवायु के अनुकूल बनाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों से प्रशिक्षित और संरक्षित किया गया।

# गुजरात में दलितों एवं आदिवासियों के खिलाफ नफरत और अत्याचार का माहौल लगातार गहरा रहा : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के शासन में गुजरात में दलित एवं आदिवासी समुदायों के खिलाफ नफरत, भेदभाव और अत्याचार का वातावरण लगातार गहराता जा रहा है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने ऊना में कोड़े मारने की 2016 की घटना के पीड़ितों के प्रति एकजुटता जताई और संकल्प लिया कि वह न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाते रहेंगे।

गांधी ने गुजरात के दलित एवं आदिवासी समुदायों के प्रतिनिधियों के समूह के साथ अपनी हालिया बातचीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया।

इस समूह में ऊना में हुई घटना से प्रभावित लोग भी शामिल थे। कांग्रेस नेता ने वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, ''यह मुलाकात बेहद पीड़ादायक और चिंतनशील रही।''

गुजरात में कथित तौर पर कोड़े मारने की यह घटना 11 जुलाई 2016 को गिर सोमनाथ जिले के ऊना कस्बे के निकट मोटा समधियाला गांव में हुई थी, जब चार दलित युवक अपने पारंपरिक पेशे के तहत उस गाय की खाल उतार रहे थे, जिसकी कुछ समय पहले किसी दूसरे गांव में मौत हो गई थी। स्वयं को गोरक्षक बताने वाले आरोपियों ने इन युवकों को कोड़े मारे। इसके बाद उन्हें कथित तौर पर अवैध रूप से हवालात में डाल दिया गया और पुलिसकर्मियों ने भी उनकी पिटाई की।

गांधी ने लिखा, ''करीब 10 वर्ष पहले ऊना कांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। कुछ दलित युवाओं को सरेआम निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा गया। उस समय मैं उनके परिवारों के साथ खड़ा था।'' उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक दशक बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला, न उनके घाव भरे हैं, उल्टा हालात और बदतर हो गए हैं।

गांधी ने कहा, ''आज जब मैंने प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनीं तो यह स्पष्ट हुआ कि हालात सुधरने के बजाय और भी भयावह हो गए हैं। एक व्यक्ति को इतनी बेरहमी से पीटा गया कि उसके शरीर में 19 'फ्रैक्चर' हो गए। एक अन्य व्यक्ति का भाई सिर्फ एक सनक में जिंदा जला दिया गया।'' उन्होंने कहा कि ये घटनाएं केवल अपराध नहीं बल्कि भय और अन्याय से भरे माहौल की सच्चाई हैं।



गांधी ने कहा, ''सबसे चिंताजनक बात यह है कि जो लोग अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाते हैं, उन्हें दबा दिया जाता है, कभी धमकियों से, तो कभी हिंसा से और कई बार हत्या करके। गुजरात में भाजपा सरकार के तहत दलितों और आदिवासी समुदायों के खिलाफ नफरत, भेदभाव और अत्याचार का वातावरण लगातार गहराता जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि ऊना के पीड़ित आज भी न्याय की प्रतीक्षा में हैं।

गांधी ने कहा कि 10 वर्षों में न्याय का यह लंबा इंतजार अपने आप में एक बड़ा अन्याय है और यह सिर्फ कुछ घटनाओं की बात नहीं है बल्कि एक व्यवस्था की विफलता है जहां कमजोरों की आवाज दबाई जा रही है एवं अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैं इन परिवारों के साथ पहले भी खड़ा था, आज भी खड़ा हूं और न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाता रहूंगा।'' उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, ''ऊना की चीख आज भी इंसाफ के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। बीते 10 वर्षों से पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।''

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा शासित गुजरात में अपमान, हिंसा और हत्या- दलितों, आदिवासियों की हकीकत बना दी गई है। उन्होंने कहा, '' (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी के इसी असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण मॉडल को पूरे देश पर थोपा जा रहा है।''



# तमिलनाडु चुनाव : द्रमुक का महिलाओं के लिए 8,000 रुपये का 'इल्लैरसी' कूपन योजना शुरू करने का वादा

## द्रमुक मॉडल का घोषणा पत्र 'हीरो' से 'सुपर स्टार' बन गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रविवार को 23 अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें महिलाओं को घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने/बदलने के लिए 8,000 रुपये मूल्य की 'इल्लैरसी' कूपन योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। स्टालिन ने द्रमुक के सत्ता में लौटने पर शिक्षा, उद्योग और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का वादा किया। उन्होंने द्रमुक के चुनावी वादों को सुपरस्टार'करार दिया।

द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के लिए जारी किए गए कूपन का इस्तेमाल टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, मिक्सर, माइक्रोवेव ओवन, इंडक्शन स्टोव जैसे घरेलू उपकरण खरीदने या उन्हें बदलने के लिए किया जा सकता है।

स्टालिन ने कहा, ''यह 'नई इल्लैरसी' योजना लागू की जाएगी। इस योजना के तहत, उन परिवारों की महिलाओं को, जो आयकर के दायरे में नहीं आती हैं, उनके निवास स्थान के आस-पास की दुकानों से इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए 8,000 रुपये का एकमुश्त कूपन प्रदान किया जाएगा।'' तमिल में 'इल्लैरसी' का शाब्दिक अर्थ 'घर की रानी' होता है, और वास्तव में यह परिवार की महिला मुखिया को संदर्भित करता है। उन्होंने महिलाओं, छात्राओं, किसानों और मछुआरों को लक्षित करते हुए कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा करते हुए कहा, ''मैंने कुछ मुख्य बिंदुओं का उल्लेख किया है।''

स्टालिन ने कहा, ''तमिलनाडु चुनावों में आमतौर पर द्रमुक का चुनावी घोषणापत्र 'हीरो' होता है, लेकिन अब द्रविड़ मॉडल 2.0 का चुनावी घोषणापत्र 'सुपरस्टार' बन गया है।'' उन्होंने भरोसा जताया कि 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में पार्टी नीत गठबंधन 234 में से 200 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करेगा। सत्तारूढ़ द्रमुक ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत उपचार की सीमा को 10 लाख रुपये करना (वार्षिक आय सीमा में वृद्धि के साथ), 50 वर्ष से अधिक आयु की बुजुर्गों, विधवाओं और अविवाहित महिलाओं के लिए पेंशन को बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति माह करने, कलैनार मगलीर उरुमई थोगई योजना के तहत मासिक अनुदान को दोगुना करके 2,000 रुपये करना और इस योजना के तहत नई पात्र महिलाओं को शामिल करने का वादा किया है।

द्रमुक ने मुख्यमंत्री नाश्ता योजना का विस्तार आठवीं कक्षा तक के छात्रों तक करने और मुफ्त बिजली प्राप्त करने वाले 20 लाख से अधिक किसानों को बिना मीटर के आधुनिक इलेक्ट्रिक पंप सेट निशुल्क उपलब्ध कराने सहित कई घोषणाएं की हैं।

## स्टालिन कल तिरुवरूर से चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम. के. स्टालिन आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 31 मार्च को तिरुवरूर निर्वाचन क्षेत्र से अपने चुनाव प्रचार के पहले चरण की शुरुआत करेंगे। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। तिरुवरूर, द्रमुक के दिवंगत नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि का गृह नगर है। पार्टी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, स्टालिन द्रमुक और गठबंधन दलों के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे।

मुख्यमंत्री 31 मार्च से दो अप्रैल तक द्रमुक और इसके नेतृत्व वाले गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 23 अप्रैल को होगा।

# अन्नाद्रमुक ने चेन्नई निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक ने 23 अप्रैल को होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की जिसमें चेन्नई शहर की सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम भी शामिल हैं। बसपा (बहुजन समाज पार्टी) की तमिलनाडु इकाई के पूर्व प्रमुख दिवंगत के. आर्मस्ट्रांग की पत्नी पोर्कोडी आर्मस्ट्रांग उन उम्मीदवारों में शामिल हैं जिन्हें अन्नाद्रमुक के महासचिव ई. के. पलानीस्वामी ने शहरी क्षेत्रों से मैदान में उतारा है।

पार्टी महासचिव ई. के. पलानीस्वामी ने वरिष्ठ नेता आदि राजाराम को चेपॉक-तिरुवल्लिकेनी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार बनाया है, जहां उनका मुकाबला द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) के युवा शाखा के प्रमुख और तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन से होगा। पूर्व मंत्री बी. वलारमति और एस. गोकुला इंदिरा क्रमशः थाउजेंड लाइट्स और अन्ना नगर निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव में किस्मत आजमाएंगी।

पी. संथाना कृष्णन को कोलाथुर से मैदान में उतारा गया है जहां वे मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम. के. स्टालिन के गृह क्षेत्र में उनका मुकाबला करेंगे। तमिलनाडु विधानसभा की 234 सीट पर एक चरण में चुनाव होंगे और ये चुनाव 23 अप्रैल को होगा। राज्य में अन्नाद्रमुक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का नेतृत्व करती है और इसके घटक दलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) और पाट्टाली मक्कल काची (पीएमके) शामिल हैं। अन्नाद्रमुक की तीसरी एवं अंतिम सूची में 17 उम्मीदवार शामिल हैं और पार्टी पहले ही दो चरणों में 150 सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है।

अन्नाद्रमुक की सहयोगी पार्टी इंडिया जननायका काची ने घोषणा की है कि उसके उम्मीदवार वेंकटेशन और सरन्या अनबाझगन क्रमशः पल्लवरम और कुन्नम विधानसभा क्षेत्रों से अन्नाद्रमुक के दो पत्ती चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। एक अन्य सहयोगी दल पुथिया नीधि काची ने घोषणा की है कि वह मदुरै सेंट्रल से अन्नाद्रमुक के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी, जहां फिल्म निर्माता सुंदर सी. को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, पुरची भरतम पार्टी (उम्मीदवार पूवई जगन मूर्ति) किलवैथिनांकुप्पम (एससी) विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी, जबकि सिंगा तमिलर मुन्नेत्र कषगम (आर. वी. भरतन) मन्नाचनल्लूर से अन्नाद्रमुक दो पत्ती के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी।

शुरू में मुख्य विपक्षी दल ने 169 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी लेकिन बाद में उसने 167 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नाम जारी किए और पांच अन्य सीट पर उसके सहयोगी दल उसके चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। बसपा के पूर्व नेता दिवंगत आर्मस्ट्रांग की पत्नी पोर्कोडी को तिरु वी. का नगर (सुरक्षित) से, विरुगई वी. एन. रवि को विरुगंबक्कम से, आर. मनो को रॉयपुरम से, बी. सत्यनारायणन को टी. नगर से, अभिषेक रंगासामी को एग्मोर (सुरक्षित) से, एस सरवनन को अलंदूर से और पूर्व विधायक के. पी. कंदन को शोलिंगनल्लूर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है।



# टीवीके उम्मीदवारों की सूची जारी : विजय पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व से चुनाव लड़ेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** टीवीके प्रमुख विजय ने तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए रविवार को राज्य की सभी 234 विधानसभा सीट से अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। विजय ने खुद चेन्नई के पेरम्बुर सहित दो सीट से पहली बार चुनाव लड़ने की घोषणा की। इन दोनों सीट को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) का गढ़ माना जाता है। विजय चेन्नई के पेरम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व से चुनाव लड़ेंगे। द्रमुक ने पेरम्बूर से आरडी शेखर को मैदान में उतारा है और तिरुचिरापल्ली पूर्व में इनिगो इरुथयाराज को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है।

चेन्नई के एक चर्चित पांच सितारा होटल में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में जैसे ही यह घोषणा की गई कि इन दो सीट पर उम्मीदवार ''सी जोसेफ विजय'' होंगे, तो तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अभिनेता से नेता बने विजय का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शेष 232 सीट के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए और उनका परिचय कराया, जिनमें उनकी कोर टीम के सदस्य भी शामिल थे।

पार्टी प्रमुख विजय ने वरिष्ठ पार्टी नेताओं और अपनी आतंरिक टीम के सदस्यों - एन आनंद, आधव अर्जुन, आर अरुणराज, सीटीआर निर्मल कुमार और के. ए. सेंगोट्टैयान को टी. नगर, विल्लीवाक्कम, गोबिचेट्टीपलयम और तिरुप्परनकुंड्रम सहित अन्य सीट से तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा है। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) को छोड़ इस साल की शुरुआत में टीवीके में शामिल हुए पूर्व मंत्री कु पा कृष्णन को लालगुडी से मैदान में उतारा गया है।

उम्मीदवारों में द्रमुक और अन्नाद्रमुक के कुछ पूर्व नेता भी शामिल हैं, जो बाद के दिनों में टीवीके में शामिल हो गए थे।

विजय ने एक बार फिर दोहराया कि चुनावी लड़ाई टीवीके के जनता के गठबंधन और स्टालिन सर के ''गठबंधन'' के बीच है और राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन को महज ''कामचलाऊ'' बताया। उन्होंने कहा, ''मैंने ऐसे उम्मीदवारों को चुना है, जो जनता के साथ खड़े रहेंगे।'' विजय ने कहा कि ये लोग महज उम्मीदवार (वेत्तपलरगल) नहीं, बल्कि ''जनता के रक्षक'' (मक्कल कप्पलार्गल) हैं और उन्होंने उनके लिए पूर्ण समर्थन की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से जेनरेशन जेड'' से अपनी पार्टी के चुनाव 'चिह्न सीटी' पर भारी संख्या में मतदान करने तथा अपने घरों में भी टीवीके उम्मीदवारों को चुनाव में समर्थन देने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

उन्होंने दावा किया, यह ''एक पीढ़ी का चुनावी मुकाबला है'' जो सिर्फ द्रमुक और टीवीके के बीच होने वाला है तथा कोई अन्य पार्टी इस दौड़ में शामिल नहीं है। एक विधायक की विशेषताओं को परिभाषित करने की कोशिश करते हुए उन्होंने कहा कि वे ईमानदार छवि वाले होने चाहिए और उनका व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए, जो लोगों को ''लूटें'' नहीं।

विधायक के गुणों को परिभाषित करने का प्रयास करते हुए उन्होंने कहा कि उनमें त्रुटिहीन व्यक्तिगत ईमानदारी होनी चाहिए और वे ''लोगों को लूटने'' वाले नहीं होने चाहिए। राज्य में विधानसभा की 234 सीट के लिए चुनाव 23 अप्रैल को होंगे। युवाओं के लिए अपने एजेंडा को विजय ने ''गारंटी'' बताया। विजय ने इसके अलावा तमिलनाडु को नशामुक्त बनाने, कक्षा 12 से पीएचडी तक 20 लाख रुपये तक बिना गिरवी के ऋण की गारंटी का वादा किया है। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों का भी परिचय कराया, जिनकी सूची उन्होंने पहले ही जारी कर दी थी।

# भाकपा ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए पांच सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नीत गठबंधन के घटक दल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए आवंटित पांच सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी की राज्य कार्यकारी परिषद के सदस्य के मरिमुथु को थिरुथुराईपूंडी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनावों में यह सीट जीती थी। इसी तरह, पार्टी ने कृष्णागिरी जिले के थल्ली निर्वाचन क्षेत्र से टी रामचंद्रन को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2006, 2011 और 2021 में यह सीट जीती थी। भाकपा ने भवानीसागर विधानसभा क्षेत्र से पी एल सुंदरम को उम्मीदवार बनाया है। सुंदरम ने 2016 में यह सीट जीती थी, लेकिन 2021 में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के ए बन्नारी से हार गएय पार्टी ने तिरुप्पुर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से रवि उर्फ ङ्क्ष्ङ्कएम सुब्रमणियन और श्रीविल्लिपुथुर विधानसभा क्षेत्र से बी महालिंगम को उम्मीदवार बनाया है। द्रमुक नीत धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन ने तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए कई दौर की चर्चाओं के बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को पांच-पांच सीट आवंटित की हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू एक अप्रैल को सिद्धगंगा मठ का दौरा करेंगी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तुमकुरु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक अप्रैल को प्रसिद्ध सिद्धगंगा मठ का दौरा करेंगी, जिसे महंत सिद्धलिंग स्वामीजी ने रविवार को तुमकुरु के लिए ''गर्व का क्षण'' बताया। मुर्मू मठ पहुंचकर शिवकुमार स्वामीजी की 119वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में हिस्सा लेंगी। शिवकुमार स्वामीजी का 21 जनवरी, 2019 को 111 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

मठ के महंत ने प्रेसवार्ता के दौरान राष्ट्रपति के दौरे से संबंधित कार्यक्रम और तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें राज्यपाल थावरचंद गहलोत, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और वी. सोमन्ना, मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

उन्होंने कहा, ''एक अप्रैल को होने वाला राष्ट्रपति का दौरा तुमकुरु के लिए गर्व की बात है। यह पहली बार होगा, जब किसी राष्ट्रपति द्वारा इस ज़िले का दौरा किया जाएगा।''महंत ने कहा, ''तुमकुरु पहुँचने पर, वह सबसे पहले स्मारक जाएँगी, 'आरती' और 'पूजा' करेंगी, तथा फिर सीधे मंच की ओर बढ़ेंगी।''

उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जिनमें वीणा वादन और 119 महिलाओं द्वारा 'वचन' (भक्ति काव्य) गायन शामिल है; वहीं, पिछले वर्षों की तरह इस बार भी 'दासोह' (मुफ्त सामुदायिक भोजन) जारी रहेगा। स्वामीजी ने मीडिया से यह भी आग्रह किया कि वह राष्ट्रपति के दौरे के दौरान शिवकुमार स्वामीजी को 'भारत रत्न' देने का मुद्दा न उठाए।

# पीएम ने बेलगावी के किसान को मछली पालन में मिली सफलता की सराहना की



**बेलगावी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात' में मछली पालन में सफलता प्राप्त करने वाले बेलगावी के किसान की सराहना की। उन्होंने इसे कृषि में नवाचार से आय बढ़ाने और ग्रामीण युवाओं को प्रेरित करने के एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। बेलगावी तालुक के बोदक्यानट्टी गांव के किसान राजू शिवलिंगप्पा हुद्दार (27) ने आधुनिक मछली पालन पद्धतियों, विशेष रूप से बायोफ्लॉक तकनीक को अपनाकर मुर्रेल (स्नेकहेड) मछली पालन किया और एक सफल उद्यमी के रूप में उभर कर सामने आए हैं।

राजू कला में स्नातक हैं और सेना में शामिल होना चाहते थे, लेकिन नौकरी पाने में असफल रहने के बाद उन्होंने स्वरोजगार का रुख किया। दुग्ध उत्पादन जैसे विकल्पों का आकलन करने के बाद उन्होंने मत्स्य पालन को चुना और अपना उद्यम स्थापित करने से पहले वैज्ञानिक पद्धतियों को सीखने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। राजू ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मैं कुछ नया करना चाहता था। 2023-24 में, मैंने अपनी चार एकड़ जमीन में से एक एकड़ जमीन पर मछली पालन करने का फैसला किया। मेरे पिता और भाई ने मेरा साथ दिया।''

उन्होंने वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किए गए चार तालाब स्थापित किए और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से मछली के जीरा मंगवाए। विशेषज्ञता हासिल करने के लिए, उन्होंने लगभग एक वर्ष तुमकुरु, मंड्या, विजयपुरा, हैदराबाद और विजयवाड़ा के केंद्रों का दौरा किया और मछली पालन तकनीकों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

राजू ने तालाब निर्माण, मछली के जीरा, चारा और दवाओं पर लगभग 31 लाख रुपये का निवेश किया, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद नीलनवर का वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ। आठ महीनों के भीतर, पहली किस्त में उनकी 25 लाख रुपये की आय हुई, दूसरी किस्त में 22 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि तीसरे चक्र में अधिक लाभ की उम्मीद है।

# शबरीमला से जुड़े मुद्दे पर केरल सरकार 'लुका-छिपी' का खेल खेल रही : चेन्निथला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोच्चि/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने रविवार को आरोप लगाया कि केरल सरकार शबरिमला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर लुका-छिपी का खेल खेल रही है। यहां संवाददाता सम्मेलन में चेन्निथला ने संवाददाताओं से कहा कि शबरिमला सोना गायब होने के मामले में आरोपी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेताओं को अब भी संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, इन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बजाय, पयन्नूर में शहीदों के लिए चंदा जुटाने में कथित भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने वाले वी. कुन्हीकृष्णन को ही



पार्टी से बाहर कर दिया गया। यह उनकी दोहरी नीति को दर्शाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में शामिल नेताओं को बचाने के साथ-साथ जांच को भटकाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, चोरी हुआ सोना कहां है? सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है। चेन्निथला ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शबरिमला में उन महिलाओं का प्रवेश लागू किया जो रजस्वला आयु वर्ग की हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, शबरिमला में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति देकर उन्होंने (विजयन ने) खुद को सुधारवादी नेता के रूप में प्रस्तुत किया और आज भी उसी रुख पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि जहां देवस्वओम मंत्री श्रद्धालुओं के साथ खड़े होने का दावा करते हैं, वहीं मुख्यमंत्री ऐसा रुख बनाए हुए हैं जो श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वैश्विक अय्यप्पा सम्मेलन' के आयोजन में सात करोड़ रुपये का दुरुपयोग हुआ और इसके खर्च का ब्योरा अब तक केरल उच्च न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। प्रश्नों के जवाब में चेन्निथला ने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर मोर्चे के भीतर किसी भी मतभेद से इनकार किया और कहा कि यह निर्णय चुनाव के बाद सामूहिक रूप से लिया जाएगा।


**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038.**

निम्नलिखित ई-निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि, वे **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें और निविदाओं के लिए बोली लगाएं। इस निविदा के लिए मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र. सं. | खुली निविदा सं. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | लगभग मूल्य (रुपये में) | निविदा की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026377212166 | अन्ननगर यार्ड में थिरुमंगलाम रोड को पार करने वाले आईसीएफ ट्रैक के ऊपर आरओबी का निर्माण। | ₹ 23.19 करोड़ | 10.04.2026 10.30 बजे |

उपरोक्त विज्ञापन का हिंदी संस्करण **https://icf.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038.**
**भारतीय रेल**

**निविदा सूचना सं. सडिका/बिजली/निर्माण/2025-26 दिनांक: 30.03.2026**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर / अनु / शेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपए लाख में) | बयाना राशि रुपए में | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2025245212054आर1 | ईएल-डब्ल्यू-923 सडिका के विभिन्न कार्यालयों में एयर कंडीशनर की व्यवस्था। | 221.01 | 4,42,000/- | 21.04.2026 15:30 बजे |

आवेदन जमा कने की वेबसाइट: **www.ireps.gov.in**


# न्याय से समझौता न करें : सिद्दरामय्या ने नव नियुक्त उपनिरीक्षकों से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने नव नियुक्त पुलिस उपनिरीक्षकों से कोई समझौता किए बिना न्याय को कायम रखने और नशामुक्त एवं न्यायसंगत समाज के निर्माण में योगदान देने का रविवार को आह्वान किया।

मुख्यतंत्री मैसूरु के परेड मैदान में सिविल पुलिस उपनिरीक्षक प्रशिक्षुओं के 46वें बैच की पासिंग-आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने और कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने वर्दी के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा कि अनुशासन, संयम, साहस, ईमानदारी और मानवता पुलिस सेवा की पहचान होनी चाहिए। न्याय की सर्वोच्चता पर बल देते हुए



उन्होंने कहा, पुलिस को न्याय को कायम रखने के मामले में किसी भी परिस्थिति में किसी से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि उन्हें सरकार के प्रतिनिधि के रूप में देखा जाता है, इसलिए उन्हें जवाबदेही और निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए अधिकारियों से मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि नशे की लत युवाओं और विद्यार्थियों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है और इससे निपटने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर गृह मंत्री जी. परमेश्वर, मंत्री एच. सी. महादेवप्पा और के. वेंकटेश तथा पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन भी उपस्थित थे।


**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038.**

निम्नलिखित ई-निविदाएं आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की गई हैं। फर्मों से अनुरोध है कि, वे **www.ireps.gov.in** पर लॉग इन करें और निविदा के लिए कोट करें। निविदा के लिए मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

| खुली निविदा सं. | मद का संक्षिप्त विवरण | निविदा मूल्य (रु). |
|---|---|---|
| 2026499212168 | एलएचबी कोचों के लिए प्लंबिंग कार्य और वेस्टिब्यूल स्लाइडिंग डोर की स्थापना के लिए कार्य अनुबंध। | 69,81,904.97 |
| 2026499212169 | एलडब्ल्यूएससीएन और एलडब्ल्यूएफसी डब्ल्यूएसी कोचों में आंतरिक फिटिंग कार्यों की इन्सटालेशन के साथ फ्लोरिंग, पैनलिंग, प्लंबिंग को शामिल करते हुए आंतरिक साज-सज्जा (यांत्रिक) कार्य तथा एलएचबी एसी पीपी 3.0 कोचों के लिए फ्लोरिंग, प्लंबिंग कार्य एवं बाहरी साज-सज्जा की इन्सटालेशन हेतु कार्य अनुंबध। | 2,36,07,215.29 |

**निविदा बंद होने की तारीख और समय: 21.04.2026, 14:45 बजे / खुलने की तारीख और समय: 21.04.2026, 15:00 बजे**

उपरोक्त विज्ञापन का हिंदी संस्करण **https://icf.indianrailways.gov.in/** पर उपलब्ध हैं।



# संतों का जीवन विश्व कल्याण एवं सनातन संस्कृति के लिए समर्पित : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि संतों का जीवन विश्व कल्याण एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए समर्पित होता है। इनका सानिध्य मिलने से व्यक्ति अपने जीवन और कर्मों को सार्थकता की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परम्पराओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए काम कर रही है। शर्मा रविवार को जयपुर में नेटवर्क 10 के संत संसद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमने गत दो वर्षों में राजकीय मंदिरों में वर्ष भर उत्सवों के भव्य आयोजन के लिए वित्तीय स्वीकृतियां दी हैं। साथ ही, पुजारियों का मानदेय भी बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए काम कर रही है। पूंछरी का लौठा, खाटूश्याम जी और तीर्थराज पुष्कर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के विकास के लिए रोडमैप बनाकर कार्य किए जा रहे हैं। हमारी सरकार कृष्ण गमन पथ के जरिए सनातन संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। शर्मा ने कहा कि गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए हमारी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। गोशालाओं में गाय को चारे के लिए प्रतिदिन 50 रुपये एवं बछड़े के चारे के लिए प्रतिदिन 25 रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा गोशाला में टीनशेड, पानी एवं पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई हैं। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायकगण कुलदीप धनकड़ व बालमुकुंदाचार्य, मेहंदीपुर बालाजी के महंत 1008 नरेश पुरी जी महाराज सहित बड़ी संख्या में साधु-साध्वीगण उपस्थित रहे।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रणथंभौर के पास बड़ा पुल खोला गया

जयपुर। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के पास वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा पुल ('ओवरपास') एकतरफा यातायात के लिए खोल दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह पुल वन्यजीवों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह पुल 11.5 किलोमीटर लंबा है और इसमें विशेष इंजीनियरिंग उपाय लागू किए गए हैं ताकि वन्यजीवों को कोई परेशानी नहीं हो और साथ ही यातायात में भी व्यवधान पैदा नहीं हो। इसके केंद्र में 3.5 किलोमीटर लंबी वन्यजीव 'ओवरपुल' प्रणाली है, जिसमें लगभग 500-500 मीटर के पांच खंड हैं, साथ ही वन्यजीवों की आवाजाही के लिए विशेष 'अंडरपास' भी बनाए गए हैं।

लगभग 900 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 'लार्सन एंड टुब्रो' कंपनी द्वारा निर्मित यह पुल रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभयारण्य, मुकुंदरा हिल्स बाघ अभयारण्य और कुनो राष्ट्रीय उद्यान के हिस्सों को जोड़ता है जिससे एक सतत पारिस्थितिकी गलियारा तैयार होता है। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि इन संरचनाओं को मिट्टी और स्थानीय वनस्पतियों से ढक दिया गया है ताकि प्राकृतिक वातावरण जैसा माहौल बने और वन्यजीव राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से आ-जा सकें। यातायात के शोर और व्यवधान को कम करने के लिए ध्वनि अवरोधक और ऊंची दीवारें भी लगाई गई हैं।

करीब 1,500 एलईडी लाइट लगाई गई हैं जो वाहन चालकों को ढके हुए हिस्सों से सुरक्षित रूप से गुजरने में मदद करेंगी और वन्यजीवों की आवाजाही प्रभावित नहीं होगी। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना सितंबर 2026 तक पूरी तरह तैयार हो जाएगी।



# युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और देश-प्रदेश के विकास में दें योगदान : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को यहां हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। शर्मा ने कहा कि एक प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए युवाओं का स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन आवश्यक है। अजमेर रोड स्थित महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर और मन न केवल जीवन को सार्थक बनाते हैं, बल्कि देश की युवा शक्ति की क्षमता को सही दिशा में उपयोग करने में भी मदद करते हैं।

उन्होंने कहा, भारत युवाओं का देश है और उनका समग्र विकास समाज तथा राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से सही दिशा में आगे बढ़ने, अपने लक्ष्यों को हासिल करने और देश व राज्य के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। शर्मा ने कहा, राज्य सरकार पिछले ढाई वर्षों से युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए सरकारी और निजी नौकरियों में अवसर बढ़ाने के साथ-साथ स्वरोजगार को भी प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने युवाओं से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का लाभ उठाने तथा यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इनका लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मैराथन को हरी झंडी दिखाने के बाद मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# जवाई तेंदुआ अभयारण्य में सुबह छह से शाम सात बजे तक सफारी की अनुमति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने पाली जिले के जवाई तेंदुआ अभयराण्य में रात के समय सफारी और ड्रोन के उपयोग पर रोक लगा दी और अनियंत्रित पर्यटन गतिविधियों से वन्यजीवों को होने वाली परेशानियों पर चिंता व्यक्त की। न्यायमूर्ति संदीप शाह और न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी की खंडपीठ ने स्थानीय निवासी अपूर्व अग्रावत द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया और राज्य सरकार को सुबह छह बजे से शाम सात बजे तक निर्धारित समय सीमा के बाद किसी भी तरह की सफारी गतिविधि न करने की हिदायत दी।अदालत ने कहा कि ऐसी समय-सीमाएं रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में भी लागू हैं और यह विशेषकर रात के समय तनाव और व्यवधान को कम करने के लिए आवश्यक हैं। खंडपीठ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वन्यजीवों को खोजने या देखने के लिए टॉर्च, सर्चलाइट, स्पॉटलाइट, ड्रोन या अन्य तरह के उपकरणों का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित किया जाए क्योंकि ये जानवरों के प्राकृतिक व्यवहार और आवास में हस्तक्षेप करते हैं। अदालत ने साथ ही वन्यजीवों को परेशान करने जैसी अनुचित गतिविधियां पाये जाने पर तत्काल कानून के तहत दंडात्मक व नियामक कार्रवाई करने का भी आदेश दिया। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 48ए और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 का हवाला देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा शासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## कार्यकर्ता देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें : राठौड़

जयपुर। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, राजस्थान सरकार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी, जयपुर देहात दक्षिण की ओर से आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का उद्घाटन किया। निवारू रोड, लालचंदपुरा स्थित जय सियाराम मैरिज गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विचारधारा आधारित प्रशिक्षण को सशक्त करना और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पूरे देश में इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका मकसद संगठन को वैचारिक और कार्यात्मक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि शक्ति का अनुशासित होना जरूरी है और उसका सही दिशा में काम करना सबसे महत्वपूर्ण है, तभी वह असरकारी साबित होती है।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पार्टी में सबसे अहम उसके कार्यकर्ता हैं। ये पार्टी की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं जो जनता और संगठन के बीच संवाद स्थापित करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी का अहम आधार हैं, जिनके पास जिम्मेदारियां, काम और पहचान हमेशा रहती है। पहचान की तलाश हर व्यक्ति को होती है और कार्यकर्ता अपनी पहचान विचारधारा के साथ काम करके बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज मैं कार्यकर्ताओं के बीच एक साथी और भाई के रूप में आया हूं। उन्होंने कहा कि वे कर्म में विश्वास रखते हैं। कर्म ही हमारा धर्म है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें।



# जयपुर जिला प्रशासन का रास्ता खोलो अभियान गढ़ रहा सुशासन की नई पहचान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।एक प्रशासनिक पहल आमजन के जीवन में किस तरह ठोस और सकारात्मक बदलाव ला सकती है, इसका जीवंत और प्रेरक उदाहरण जयपुर जिले की लसाड़िया पंचायत में देखने को मिलता है। कभी गडूड़ा से चकवाड़ा तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए काफी परेशानी भरा था। 17 किलोमीटर का लंबा और थकाऊ सफर, समय की बर्बादी और रोजमर्रा की परेशानियां उनकी नियति बन चुकी थीं। लेकिन आज वही रास्ता उम्मीद, राहत और बदलाव की कहानी कहता है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान के तहत 30 वर्षों से बंद पड़ा यह मार्ग जब खुला, तो मानो ग्रामीणों की जिंदगी ही बदल गई। अब गडूड़ा से चकवाड़ा की दूरी 17 किलोमीटर से सिमटकर महज 7 किलोमीटर रह गई है। यह केवल दूरी कम होने की बात नहीं, बल्कि रोज की मशक्कत, अतिरिक्त खर्च और समय की बर्बादी से मुक्ति की कहानी है। ग्रेवल सड़क बनने से यह राहत और भी सहज हो गई है, अब किसान अपनी उपज आसानी से बाजार तक पहुंचा पा रहे हैं, बच्चे बिना थके स्कूल जा रहे हैं और जरूरत के समय चिकित्सा सुविधाएं भी तेजी से उपलब्ध हो पा रही हैं।

लसाड़िया की यह सफलता की कहानी भले ही एक उदाहरण हो, लेकिन इसके पीछे छिपा बदलाव बहुत व्यापक है। जयपुर जिले में महज 17 महीनों से भी कम समय में लसाड़िया की तर्ज पर 1800 से अधिक वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खुलवाकर लाखों ग्रामीणों के जीवन को सरल और सुगम बनाया गया है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के कुशल निर्देशन और सतत मॉनिटरिंग में यह अभियान केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। संवाद, सहमति और समझाइश के माध्यम से वर्षों पुराने विवादों को सुलझाते हुए गांवों, ढाणियों और खेतों तक जाने वाले रास्तों को फिर से जीवंत किया गया है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि 15 नवम्बर 2024 से 29 मार्च 2026 तक की अवधि में इस अभियान के तहत कुल 1 हजार 802 रास्ते खुलवाए जा चुके हैं। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रशासन ने कार्य को निरंतरता प्रदान की है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील ने सर्वाधिक 154 रास्ते खुलवाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मौजमाबाद तहसील में 135 रास्ते खोलकर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की गई।

साथ ही उन्होंने बताया कि चौमूं में 109, शाहपुरा में 106, चाकसू में 100, फुलेरा में 99, जमवारामगढ़ में 96, आमेर में 94, दूदू में 92, रामपुरा डाबड़ी में 91, माधोराजपुरा में 86, बस्सी में 85, जोबनेर में 84, जालसू में 79, कोटखावदा में 78, किशनगढ़ में 77, तुंगा में 61, सांगानेर में 39, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खोले गए हैं।

इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है, जिससे किसानों को खेतों तक कृषि मशीनरी ले जाने और उपज को बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिली है। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है, वहीं विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज जाने में अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। रास्ता खोलो अभियान ने न केवल भौतिक रूप से मार्गों को खोला है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए वर्षों पुराने विवादों को समाप्त कर सामाजिक सौहार्द को सुदृढ़ किया है।

# मुख्य सचिव ने किया द्रव्यवती नदी क्षेत्र का निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा रविवार को सांगानेर स्थित कॉमन एफलुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) एवं द्रव्यवती नदी के आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस दौरान निर्देश दिए कि सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट द्वारा ब्राह्मणों की ग्वार में प्रस्तावित पंपिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, जिससे शेष 134 उद्योगों को सीईटीपी से जोड़ा जा सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सांगानेर एनवायरों प्रोजेक्ट डवलपमेंट को अपने सदस्यों से विचार-विमर्श कर सीईटीपी के संचालन में भी आ रही तकनीकी खामियों के निवारण हेतु प्रयास करने एवं इस संबंध में समयबद्ध कार्ययोजना राज्य सरकार को प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देश है कि सभी औद्योगिक इकाइयों को सीईटीपी से शीघ्र जोड़ा जाए और इसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा नियमों की पालना नहीं पाए जाने पर, दोषी उद्योगों के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने हेतु राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को निर्देशित किया गया, जिससे द्रव्यवती नदी में इन उद्योगों द्वारा डाले जाने वाले प्रदूषित औद्योगिक जल की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। सीईटीपी से जुड़े सभी वस्त्र प्रसंस्करण उद्योगों को मण्डल से सम्मति (उेपीशपीं) प्राप्त कर ही उद्योग के संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए।



# आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की '132वीं कड़ी' में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जमवारामगढ़ में पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मन की बात के इस संस्करण में प्रधानमंत्री ने सोलर पम्प से आए सकारात्मक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि जयपुर के किसान मुरलीधर पहले खेती के लिए डीजल पम्प पर निर्भर थे, जो काफी महंगा पड़ता था। अब उन्होंने सोलर पम्प अपनाकर ईंधन की चिंता से मुक्ति पाई है और समय पर सिंचाई होने से उनकी सालाना आय भी बढ़ गई है।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत एक दशक से अधिक समय में देश का सामर्थ्य बढ़ा है। फिलहाल मध्य पूर्व क्षेत्र में चल रहे घटनाक्रम से उत्पन्न वैश्विक संकट के बीच देश की ईंधन आवश्यकताओं को सुरक्षित एवं संतुलित बनाने के लिए जरूरी कदम भी उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश मौजूदा परिस्थितियों का एकजुटता से मुकाबला कर रहा है। सभी आमजन जागरूक रहें और अफवाहों के बहकावे में ना आएं।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले दिन से ही जनता की सेवा के संकल्प पर कार्य करना शुरू कर दिया था। अब तक पेश किए गए बजटों में गरीब, किसान, महिला और मजदूर सहित सभी वर्गों एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों को उनकी विभिन्न विकास सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि गत सरकार में युवाओं के हितों पर कुठाराघात हुआ, लेकिन हमने पेपरलीक पर लगाम लगाकर भर्ती परीक्षाओं को पूर्ण पारदर्शिता से आयोजित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाते हुए अब तक 1.25 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं। वहीं, 1.35 लाख से अधिक पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। इसके साथ ही सरकार ने 1.25 लाख पदों पर भर्ती की घोषणा भी की है। हमारी सरकार का युवाओं को साफ संदेश है कि तैयारी करें, चिंता नहीं।

शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए थे, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं, जिससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वहीं, युवाओं को स्वरोजगार के लिए योजनाओं व युवा नीति के जरिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। इसी के तहत पीएम किसान सम्मान निधि, ब्याज मुक्त ऋण, गेहूं की एमएसपी खरीद पर 150 रुपये का बोनस दिया जा रहा है। साथ ही, राज्य सरकार सिंचाई के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। इस अवसर पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह, विधायक महेंद्रपाल मीना, कुलदीप धनकड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम से लौटते वक्त हीरावाला गांव में चाय की दुकान पर आमजन के साथ चाय पी तथा यूपीआई से भुगतान किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं किसानों से खेती-किसानी को लेकर चर्चा की। शर्मा ने वहां मौजूद छोटे बच्चों को दुलार करते हुए चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। इससे पहले मन की बात कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात ग्रामीण महिलाओं ने लोकगीत गाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनका उत्साहवर्धन किया।

# पश्चिम एशिया युद्ध के कारण स्थिति ''चुनौतीपूर्ण'' है, संकट के राजनीतिकरण से बचें : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से पश्चिम एशिया में जारी ''भीषण युद्ध'' के कारण पैदा हुई ''चुनौतीपूर्ण'' स्थिति से पार पाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मोदी ने वर्तमान संकट का राजनीतिकरण करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध जारी है। यह निश्चित तौर पर चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज 'मन की बात' के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है।'' उन्होंने कहा कि जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा, ''अफवाह फैला रहे लोग देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में न आएं। सरकार की तरफ से आपको जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं।''

## शिक्षा के माध्यम से अतीत को संरक्षित कर रहा है नगा समुदाय, भविष्य की तैयारी कर रहा : मोदी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नगालैंड की पारंपरिक मोरुंग शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रथा के माध्यम से बच्चों में गणित और विज्ञान जैसे विषयों में रुचि पैदा की जा सकती है।

नगालैंड की मोरुंग प्रणाली एक पारंपरिक सामुदायिक शिक्षा मॉडल है, जो सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन कौशल सीखने के केंद्र के रूप में कार्य करता है। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि नगा समुदाय शिक्षा के माध्यम से अतीत को संरक्षित करने और भविष्य को तैयार करने का एक प्रयास कर रहा है।

# असम में भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नवीन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिनसुकिया (असम)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर 'हैट्रिक' लगाएगी।

मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय ''वोट बैंक की राजनीति'' में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस ''काले अध्याय'' को याद रखना जरूरी है। उन्होंने कहा, ''विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे।''

नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उन्होंने कहा, ''उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। लोग केवल हिंसा और आंदोलन की ही चर्चा



किया करते थे।'' भाजपा प्रमुख ने दावा किया कि 2016 में भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद पूरी स्थिति बदल गई और पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में असम अवसरों वाला राज्य बन गया है।'' नवीन ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली राज्य सरकार ने केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए काम किया और अपने कार्यकाल के दौरान राज्य में कोई उपलब्धि हासिल नहीं की।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी नीत सरकार सिर्फ असम और भारत की जनता के लिए काम करती है, घुसपैठियों के लिए नहीं। उन्होंने कहा, ''हम घुसपैठियों के लिए सरकार नहीं बनाते। यहां हर अधिकार केवल असम और भारत के लोगों के लिए है। यह घुसपैठियों के लिए नहीं हो सकता।'' नवीन ने कहा कि भाजपा सरकार राष्ट्र की सुरक्षा, असम की पहचान और व्यवस्था से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए साहसिक कदम उठा रही है। उन्होंने दावा किया, ''पिछले 12 वर्षों में विपक्ष का कोई भी नेता भाजपा के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सका है। भाजपा इसी तरह काम करती है।''

पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति का जिक्र करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि कुछ लोग ऐसी अफवाहें फैला रहे हैं कि आने वाले दिनों में आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध नहीं होंगी। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान इससे निपटने के तरीके का जिक्र करते हुए कहा, ''आप निश्चिंत रहें कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद नरेन्द्र मोदी सरकार देश को सामान्य माहौल में आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री ने संसद में आश्वासन दिया है कि सरकार जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करने देगी।''

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में महसूस किया गया : मोदी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा, ''कुछ साल पहले तक, यह सोलर पैनल चंद ही घरों की छतों पर देखने को मिलते थे। लेकिन आज 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का असर देश के हर कोने में नजर आ रहा है।''

## पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त, थानों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रहीं : किशोरी लाल



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और थानों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भू माफिया पूरी तरह से हावी है और बाराबंकी में युवक का सर काटकर शव जलाने का प्रयास इसका बड़ा प्रमाण है। किशोरी लाल शर्मा ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान जब उनसे बाराबंकी में एक युवक का सर काटे जाने और शव जलाने के प्रयास पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि बाराबंकी ही नहीं पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था खराब है और भू माफिया पूरी तरह से हावी है।

शर्मा ने दावा किया, थानों में पीड़ित की प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया, मिशन शक्ति की बात होती है पर बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। आए दिन ऐसे मामले लगातार आ रहे हैं और कानून व्यवस्था को लेकर सरकार के दावे पूरी तरह से खोखले हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अमेठी में विकास के जो भी काम हुए हैं वह 2014 से पहले हुए हैं। 2014 के बाद भाजपा की सरकार ने अमेठी के साथ बदले की भावना से काम करना शुरू कर दिया और तमाम विकास के काम अमेठी से छीन लिए गए।

## भाजपा, हुमायूं कबीर की पार्टी धर्म के नाम पर वोट मांग कर समाज में दरार पैदा कर रही : अभिषेक



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा और हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) पर आजीविका और भोजन जैसे बुनियादी मुद्दों को नजरअंदाज कर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया।

प. बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के नाओदा विस क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने आरोप लगाया कि भाजपा जहां ''मंदिर की राजनीति'' कर रही है, वहीं कबीर ''मस्जिद की राजनीति'' में शामिल हैं तथा विकास और रोजगार जैसे मुद्दों की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मुर्शिदाबाद में जहां भाजपा रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान दंगे भड़काने की साजिश रच रही है, वहीं कबीर बाबरी मस्जिद की शैली की एक मस्जिद की नींव रखने के नाम पर लोगों को गुमराह कर रहे हैं।'' बनर्जी ने संकल्प जताया कि वह और अन्य लोग व्यक्तिगत तौर पर अपने धर्म का पालन करेंगे। उन्होंने कहा, ''जो लोग मंदिर या मस्जिद के नाम पर वोट मांगते हैं, वे राजनीतिक, नैतिक और वैचारिक रूप से दिवालिया होते हैं।'' बनर्जी ने दावा किया तृणमूल कांग्रेस से निलंबित कबीर का भाजपा नेतृत्व के साथ समझौता है और उन्हें मुस्लिम समुदाय की कोई चिंता नहीं है। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान रघुनाथगंज व जंगीपुर में हुई झड़पों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''शांतिप्रिय लोगों के लिए राम संयम व त्याग के प्रतीक हैं। लेकिन भाजपा की रामनवमी में लोग शोभायात्राओं में तलवारें लहराते और खुलेआम शराब पीते नजर आए, जो सच्चे धर्म की भावना के खिलाफ है।''



# पुराने कृत्यों के लिए शाह के खिलाफ 'आरोपपत्र' होना चाहिए : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक 'आरोपपत्र' जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके ''पुराने कृत्यों'' के लिए ''आरोपपत्र'' दाखिल होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी दावा किया कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई 'लक्ष्मीर भंडार' योजना बंद कर देगी। बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें पैर में लगी चोट के संबंध में शाह की कथित टिप्पणी पर भी कड़ा एतराज जताया।

एक दिन पहले तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक ''आरोपपत्र'' जारी करते हुए शाह ने सत्तारूढ़ पार्टी की अध्यक्ष पर ''हमेशा पीड़ित कार्ड की राजनीति करने'' का आरोप लगाया था।

शाह ने कहा था, ''कभी वह अपनी चोट के बारे में बात करती हैं; कभी वह निर्वाचन आयोग को गाली देती हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल के लोग अब उनकी 'पीड़ित कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुके हैं।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन कम करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में कहा कि 'इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर' युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10% तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।'' उन्होंने हमेशा सभी से सेहत पर ध्यान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अब 100 दिन से भी कम समय बचा है, विश्व भर में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। अलमिस जी अफ्रीका के जिबूती में स्थित अरविंद योग केंद्र के माध्यम से योग को बढ़ावा दे रहे हैं। वह कई अन्य स्थानों पर भी लोगों को योग सिखाते हैं।''

## दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थों के गिरोह का भंडाफोड़ किया, ओडिशा से एक धरा

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ किया है और ओडिशा से एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडिशा के कंधमाल जिले के निवासी 28 वर्षीय आरोपी आकाश कुमार दिगल को राज्य के वन क्षेत्रों और कई स्थानों पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के बाद गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस उसे 28 मार्च को दिल्ली लेकर आई और कल्याणपुरी पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि यह सफलता एक पुराने मामले की जांच के दौरान मिली जिसमें पुलिस ने 12 मार्च को गाजियाबाद से मादक पदार्थ के दो कथित आपूर्तिकर्ताओं अकबर और फिरोज खान को 21.7 किलोग्राम से अधिक गांजे और 46 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया, पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया कि प्रतिबंधित सामान दिगल से प्राप्त किया गया था।



# खरगे ने असम के लिए कांग्रेस की 'पांच गारंटी' की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नाओबोइचा (असम)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को चुनावी राज्य असम के लिए अपनी पार्टी की ''पांच गारंटी'' की घोषणा की, जिसमें महिला कल्याण, सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा, भूमि अधिकार और जुबिन गर्ग मृत्यु मामले में न्याय पर जोर दिया गया है।

खरगे ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर भी निशाना साधते हुए उस पर व्यापक भ्रष्टाचार में लिप्त होने और अपने नेताओं और उनके परिवारों की ''तिजोरियां भरने'' के लिए काम करने का आरोप लगाया। लखीमपुर जिले के नाओबोइचा में एक रैली को संबोधित करते हुए, खरगे ने पार्टी की 'पांच गारंटी' को गिनाया, जिसमें महिलाओं को मासिक नकद अंतरण के साथ-साथ व्यवसाय स्थापित करने या उसका विस्तार करने की इच्छुक महिलाओं को 50,000 रुपए की अतिरिक्त सहायता शामिल है। उन्होंने कहा, ''नकद का अंतरण बिना शर्त होगा। यह वैसा नहीं होगा जैसा भाजपा सरकार कर रही है, जहां महिलाओं को उनकी पार्टी का सदस्य बनने के लिए कहा जाता है।'' सत्ता में लौटने का प्रयास कर रही कांग्रेस ने सभी परिवारों के लिए 25 लाख रुपए की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना, 10 लाख आदिवासी लोगों के लिए स्थायी भूमि पट्टे और राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1,250 रुपए प्रति माह देने का वादा किया है।

खरगे ने कहा कि बुजुर्गों से संबंधित मामलों की देखरेख के लिए एक विशेष विभाग भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस के सत्ता में आने पर हम गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित करने का भी संकल्प लेते हैं।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने ''पांच गारंटी'' को पार्टी की असम के पूर्ण परिवर्तन की योजना के रूप में वर्णित किया।

## युवक को खंभे से बांधकर पीटने का वीडियो हुआ वायरल, चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत (उप्र)/भाषा।** पीलीभीत जिले के बरखेड़ा क्षेत्र में तीन दिन से लापता एक युवक को खंभे से बांधकर पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पौटा कलां गांव में तीन दिन से लापता 22 वर्षीय युवक को खंभे से बांधकर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

पुलिस के अनुसार पीड़ित युवक की पहचान आरिफ (22 वर्ष) के रूप में हुई है। शुक्रवार देर रात 11 बजे पीड़ित परिवार ने बरखेड़ा थाने में तहरीर दी और पिटाई के वीडियो साक्ष्य भी सौंपे। पीड़ित के पिता शफीक शाह ने गत पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 मार्च की लगभग चार बजे आरिफ खमरिया गांव के रास्ते स्टेशन की ओर दौड़ लगाने जा रहा था तभी रास्ते में 10-12 लोगों ने उसे रोक लिया।

# व्यक्तित्व-आधारित विदेश नीति ने स्वयंभू विश्वगुरु की 'विश्वफोनी' के रूप में पोल खोल दी : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की शानदार सैन्य सफलता के बाद पाकिस्तान का ''दलाल'' बन जाना मोदी सरकार की विदेश नीति, कूटनीतिक सक्रियता और विमर्श प्रबंधन की ''भारी नाकामी को दिखाता'' है।


विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''अत्यधिक व्यक्तित्व-आधारित विदेश नीति'' के बिखरने ने ''स्वयंभू विश्वगुरु की विश्वफोनी (दिखावा करने वाले) के रूप में पोल खोल'' दी है।

केंद्र सरकार ने 25 मार्च को पश्चिम एशिया की स्थिति पर एक सर्वदलीय बैठक में कहा था कि इस मामले में पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि उस देश का ''इस्तेमाल'' अमेरिका द्वारा 1981 से ही किया जा रहा है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद परिसर में आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों से कथित तौर पर कहा था, ''हम दलाल राष्ट्र नहीं हैं।''

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पाकिस्तान के संदर्भ में लिखा, ''यह एक ऐसा देश है, जहां लोकतंत्र एक मजाक बनकर रह गया है। यह एक ऐसा देश है, जिसकी अर्थव्यवस्था बदहाल है और जो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), चीन और सऊदी अरब जैसे कुछ अन्य दाताओं से मिली जीवनरेखा पर निर्भर है। यह एक ऐसा देश है, जिसे दशकों से ऐसे आतंकवादियों के पनाहगाह के रूप में जाना जाता रहा है, जो न केवल अपने पड़ोसियों पर बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हमले करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह एक ऐसा देश है, जिसके साथ (अमेरिका के पूर्व) राष्ट्रपतियों बिल क्लिंटन, (जॉर्ज डब्ल्यू) बुश, (बराक) ओबामा और (जो) बाइडन ने बहुत सख्ती से व्यवहार किया था। नवंबर 2008 में मुंबई में अपने आतंकवादी हमले के बाद अलग-थलग पड़ जाने के बावजूद पाकिस्तान को अब एक नई स्वीकृति मिल गई है।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''डॉ. एस. जयशंकर के शब्दों में, पाकिस्तान का 'दलाल' बन जाना 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की शानदार सैन्य सफलता के बाद मोदी सरकार की विदेश नीति, कूटनीतिक सक्रियता और विमर्श प्रबंधन की भारी नाकामी को दिखाता है।'' उन्होंने कहा, ''(अमेरिका के) राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप (जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अच्छे मित्र' बताए जाते हैं) ने पाकिस्तान की वर्तमान स्वीकार्यता बढ़ाने में निस्संदेह बड़ी भूमिका निभाई है, लेकिन प्रधानमंत्री ने ऐसा क्यों और कैसे होने दिया, जबकि वह सितंबर 2019 में ह्यूस्टन के 'हाउडी मोदी' और फरवरी 2020 में अहमदाबाद के 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम के जरिए व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का अधिकारिक आवास एवं कार्यालय) से अपने खास रिश्तों का बखान करते रहे हैं?'' उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री ने अमेरिका को खुश करने के लिए कई तरीके अपनाए।



## बिना मुकदमे के कारावास सजा के समान : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने यह भी कहा कि व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी वी वराले की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। इसने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, ''अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है।''

# 'भाजपा ने कई मोर्चों पर असम की जनता को धोखा दिया'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष देवव्रत सैकिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने में ''नाकाम'' रही है और इसने कई मोर्चों पर जनता के साथ विश्वासघात किया है।

सैकिया ने भरोसा जताया कि नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा के विश्वासघातों की सूची लंबी है, लेकिन ''अंतिम और सबसे गंभीर विश्वासघात जुबिन गर्ग के मामले में न्याय सुनिश्चित न कर पाना है।'' उन्होंने कहा, ''मैं लगातार मांग करता रहा कि इस मामले की



कार्यवाही की सार्वजनिक निगरानी हो, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि उन्होंने एक ऐसी समिति बनाने का सुझाव दिया था, जिसमें समाज के प्रतिष्ठित लोग शामिल हों और जो अदालत की दिन-प्रतिदिन की कार्यवाही एवं मामले में हो रहे घटनाक्रम पर नजर रखें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। गायक जुबिन गर्ग का पिछले वर्ष 19 सितंबर को सिंगापुर में डूबने से निधन हो गया था, जहां वह 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' में शामिल होने गए थे। उन्होंने भाजपा सरकार पर यह आरोप भी लगाया कि उसने असम समझौते का उल्लंघन करते हुए कुछ लोगों को नागरिकता देकर राज्य की जनता के साथ ''धोखा'' किया है।

सैकिया ने कहा, असम की जनता शुरू से ही नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ थी, लेकिन भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हुए इसे लागू किया। सीएए के अनुसार, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के वे लोग जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर चुके हैं, उन्हें भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। वहीं, 1985 के असम समझौते में धर्म की परवाह किए बिना सभी अवैध प्रवासियों की पहचान करने और निर्वासित करने के लिए यह तारीख 25 मार्च 1971 तय की गई थी। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने राज्य के चाय बागान श्रमिकों के साथ भी धोखा किया है। उन्होंने कहा कि मजदूरी में महज 30 रुपए की बढ़ोतरी कर सरकार ने अपनी संवेदनहीनता दिखाई है।

चेन्नई | सोमवार | 30-03-2026 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

**दुनिया को बदलने की कोशिश करने से बेहतर है कि हम खुद को बदलें। हमारे बदलाव से दुनिया अपने आप बदली हुई नजर आएगी।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अपना चूल्हा, अपना ईंधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में यह कहकर देशवासियों को एकता का संदेश दिया है कि 'चुनौतीपूर्ण समय है ... हमें एकजुट होकर इससे बाहर निकलना है।' अगर देशवासी ठान लें तो यह समय बहुत आसानी से निकल सकता है। प्रधानमंत्री ने सत्य कहा कि 'यह 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है, जिसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है।' इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिलकर समाधान का रास्ता निकालना चाहिए। आज समस्या पर तो खूब बातें हो रही हैं। समाधान का जिक्र कौन कर रहा है? विपक्ष का काम सरकार की आलोचना करते रहना ही नहीं है। जहां जरूरत हो, रचनात्मक समाधान भी पेश करना चाहिए। हाल में सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें सामने आईं, उन्हें देखकर स्पष्ट होता है कि कई लोग अफवाहों से बहुत ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें सिर्फ अपनी सुविधाओं की चिंता है। उनकी वजह से अन्य लोग परेशान होते हैं तो होते रहें! उन्हें कोई परवाह नहीं है। कोई व्यक्ति पेट्रोल पंप पर सैकड़ों लीटर क्षमता की टंकी लेकर आ रहा है, तो कोई ज्यादा से ज्यादा गैस सिलेंडर इकट्ठे कर रहा है। क्या इस तरह हम चुनौती का सामना करेंगे? अगर सब लोग धैर्य से काम लेते, ईंधन की जमाखोरी नहीं होती तो किसी को समस्या नहीं होती। भविष्य में भारत में ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए केंद्र सरकार को बहुत बड़े स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना चाहिए। अगर हर घर सौर ऊर्जा से जुड़ जाए तो खाना बनाने के लिए अतिरिक्त बिजली बहुत आसानी से बन सकती है। देश में आठ से दस महीने अच्छी-खासी धूप पड़ती है। अगर इसका भरपूर इस्तेमाल किया जाए तो घरों में गैस सिलेंडरों की जरूरत बिल्कुल घट सकती है।

इस गैस का इस्तेमाल उद्योगों में किया जा सकता है। पीएनजी को बढ़ावा देना अच्छा कदम है। हालांकि इसके लिए पाइपलाइन बिछाने में काफी समय लग सकता है। उसके बाद कनेक्शन करने, मीटर लगाने, बिल देने जैसी प्रक्रियाएं होती हैं। गांवों और छोटे शहरों में पीएनजी पहुंचाने में कई मुश्किलें आ सकती हैं। ढाणियों और दुर्गम इलाकों तक इसे पहुंचाना बहुत खर्चीला साबित होगा। वहीं, सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कई बाधाओं को दूर कर सकता है। एक बार सोलर पैनल लगाने के बाद अच्छी गुणवत्ता का इंडक्शन स्टोव गैस सिलेंडर का मजबूत विकल्प बन सकता है। गांवों से लेकर महानगरों तक इस क्रांति की जरूरत है। हमारा देश इतना सक्षम और समर्थ होना चाहिए कि हमें रसोईघर के ईंधन के लिए विदेशों की ओर न देखना पड़े। हमें समुद्र की ओर टकटकी न लगानी पड़े कि कब कोई जहाज गैस लेकर आएगा और लोगों को तसल्ली होगी। अपने चूल्हे में अपना ईंधन होना चाहिए। कई लोग सोशल मीडिया पर शिकायत कर रहे हैं कि 'ईश्वर ने हमारे साथ अन्याय किया ... अगर हमारे देश में भी गैस के भंडार होते तो रसोईघर में ईंधन की कोई दिक्कत ही न होती।' वास्तव में यह शिकायत निराधार है। ईश्वर ने हमारे देश पर विशेष कृपा की है। यह अवतारों और देवी-देवताओं की भूमि है। हमारे पास गैस से ज्यादा कीमती चीज है, वह भी अथाह! इस दिव्य भूमि पर सूर्यदेव अपनी असंख्य किरणें बरसा रहे हैं। विदेशों में गैस के भंडार सीमित हैं। उनका पता लगाने में करोड़ों डॉलर खर्च हो जाते हैं। सूर्यदेव की किरणें तो ऊर्जा का अनंत भंडार हैं। उन्हें ढूंढ़ने की जरूरत ही नहीं है। ईश्वर ने हमारे लिए इतनी बड़ी व्यवस्था कर रखी है! अगर हमने इस ओर ध्यान नहीं दिया, इस वरदान का सदुपयोग नहीं किया तो कौन जिम्मेदार है? दुनिया में कई देश इतनी धूप के लिए तरसते हैं, जबकि हमें निःशुल्क मिल रही है! अगर आजादी के बाद सरकारें सौर ऊर्जा में रुचि लेतीं, वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करतीं तो आज किसी रसोईघर, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे को ईंधन का इंतजार ही न करना पड़ता।

## ट्वीटर टॉक



देश के कोने-कोने में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ जिस तरह लोग उठा रहे हैं, वह बहुत उत्साहित करने वाला है। गुजरात और उत्तर प्रदेश से लेकर राजस्थान और त्रिपुरा तक के उदाहरण बताते हैं कि इससे आय बढ़ने के साथ ही लोगों का जीवन और आसान बन रहा है।

**-नरेन्द्र मोदी**



भाजपा राजस्थान कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व प्रदेश मंत्री श्रीमती सरोज प्रजापत जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें।

**-दिया कुमारी**




देशभर के क्रिकेट फैंस के लिए यह महीना जोश और उत्साह से भर देने वाला रहा है। जब भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, तो देश में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी टीम की इस शानदार सफलता पर हम सभी को बहुत गर्व है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**

## प्रेरक प्रसंग

# सम्मान के अधिकारी



अब्दुल कलाम जब भारत के राष्ट्रपति थे, तब एक बार किसी कार्यक्रम में उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वे मंच से नीचे उतरे तो उन्होंने देखा कि वहां एक साधारण कर्मचारी चुपचाप कुर्सियां समेट रहा था। डॉ. कलाम सीधे उसके पास गए, मुस्कुराए और बोले, 'आपका बहुत धन्यवाद, आपने इतनी व्यवस्था संभाली।' वह कर्मचारी आश्चर्यचकित रह गया, क्योंकि उसने कभी सोचा भी नहीं था कि देश का राष्ट्रपति उसे इस तरह सम्मान देगा। उसकी आंखों में खुशी और आत्मसम्मान साफ झलक रहा था। यह देखकर वहां उपस्थित अन्य लोग भी प्रभावित हुए। डॉ. कलाम ने फिर सबको संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति का कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, हर व्यक्ति सम्मान का अधिकारी है। उस दिन के बाद उस कर्मचारी ने अपने काम को और भी लगन से करना शुरू कर दिया, क्योंकि उसे पहली बार अपने कार्य का सम्मान महसूस हुआ था।

## सामयिक

# बालेन शाह और नेपाल के युवा नेतृत्व का नया 'प्रशासनिक मॉडल'

**महेन्द्र तिवारी**




नेपाल में 27 मार्च 2026 का दिन एक ऐसे युगांतकारी परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है, जिसने न केवल हिमालयी राष्ट्र की दिशा बदल दी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए राजनीति का एक इतिहास लिख दिया। काठमांडू के शीतल निवास में जब 35 वर्षीय बालेंद्र शाह, जिन्हें दुनिया 'बालेन' के नाम से जानती है, ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तो वह मात्र एक व्यक्ति का सत्तासीन होना नहीं था। वह उस जेन-ज़ी विद्रोह की संवैधानिक परिणति थी, जिसने नेपाल के दशकों पुराने राजनीतिक सिंडिकेट और पारंपरिक दलीय व्यवस्था को जड़ से हिलाकर रख दिया। यह जीत उस आक्रोश का परिणाम थी जो लंबे समय से नेपाल के युवाओं के मन में पुरानी पीढ़ी के नेताओं के प्रति पनप रहा था, जो सत्ता को म्यूजिकल चेयर के खेल की तरह आपस में बदलते रहते थे।

इस क्रांति की नींव वास्तव में सितंबर 2025 में पड़ी थी, जब तत्कालीन के.पी. शर्मा ओली सरकार ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाने का आत्मघाती निर्णय लिया। सरकार ने इसे नियमन का नाम दिया, लेकिन डिजिटल युग में पली-बढ़ी पीढ़ी के लिए यह उनकी अभिव्यक्ति की आजादी और आर्थिक संभावनाओं पर सीधा प्रहार था। देखते ही देखते काठमांडू की गलियां नारों और विरोध प्रदर्शनों से भर गईं। यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल द्वारा प्रायोजित नहीं था, बल्कि यह पूरी तरह से विकेंद्रीकृत और डिजिटल रूप से समन्वित था। जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग किया, जिसमें 77 लोगों की जान चली गई, तो शांतिपूर्ण विरोध एक राष्ट्रव्यापी विद्रोह में बदल गया। इसी जन-दबाव के आगे झुकते हुए प्रधानमंत्री ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार बनी, जिसने स्वतंत्र चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त किया। इन्ही घटनाओं ने सिद्ध कर दिया कि नेपाल की नई पीढ़ी अब केवल मूक दर्शक नहीं रही, बल्कि वह सत्ता परिवर्तन की निर्णायक शक्ति बन चुकी है।

5 मार्च 2026 को हुए आम चुनाव के परिणामों ने वह कर दिखाया जिसे नेपाल के राजनीतिक पंडित असंभव मान रहे थे। बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने प्रतिनिधि सभा की 275 सीटों में से 182 सीटें जीतकर एक ऐसा प्रचंड बहुमत हासिल किया, जो नेपाल में 1999 के बाद किसी भी एकल दल को नहीं मिला था। इस चुनावी भूकंप की सबसे बड़ी प्रतीकात्मक जीत झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में देखी गई, जहाँ बालेन शाह ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली को 50,000 से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। पुरानी और स्थापित पार्टियाँ, जैसे नेपाली कांग्रेस और उझछ-णचङ, इस कदर सिमट गईं कि उनके अस्तित्व पर सवाल खड़े होने लगे। यह चुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से पुरानी पीढ़ी के नेतृत्व के प्रति गहरे अविश्वास और नई, पारदर्शी एवं कार्य-उन्मुख राजनीति के प्रति जनता के अटूट उत्साह को दर्शाता था।बालेन शाह का व्यक्तित्व इस नई राजनीति का केंद्र बिंदु है। 27 अप्रैल 1990 को जन्मे बालेन ने सिविल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय पहचान एक ऐसे रैपर के रूप में मिली जिसके गीतों में व्यवस्था की खामियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखा व्यंग्य होता था। 2022 में काठमांडू के मेयर के रूप में उनकी जीत ने पहली बार यह संकेत दिया था कि जनता अब पारंपरिक नेताओं से ऊब चुकी है। मेयर के रूप में उन्होंने कचरा प्रबंधन और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिस तरह से तकनीक और लाइव वीडियो का सहारा लिया, उसने उन्हें युवाओं का मसीहा बना दिया। इसके अलावा, बालेन का मधेश मूल से होना नेपाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए भी एक ऐतिहासिक मोड़ है, क्योंकि वे नेपाल के पहले मधेशी प्रधानमंत्री हैं। यह तराई क्षेत्र की उन लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का एक जवाब भी है, जिसमें खुद को सत्ता की मुख्यधारा से अलग-थलग महसूस करने की भावना निहित थी।

> **नेपाल का यह प्रयोग न केवल उस देश के लिए बल्कि पूरे विश्व के लोकतंत्रों के लिए एक सबक है। यह दर्शाता है कि जब पारंपरिक नेतृत्व जनता की आकांक्षाओं को समझने में विफल रहता है और भ्रष्टाचार को ही अपनी कार्य संस्कृति बना लेता है, तो नई पीढ़ी डिजिटल क्रांति के हथियारों के साथ स्वयं सत्ता का रुख मोड़ देती है। हालांकि, बालेन शाह के सामने चुनौतियां अपार हैं-चाहे वह नौकरशाही का प्रतिरोध हो, प्रेषण पर अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता हो या युवाओं की तुरंत नतीजे पाने की अधीरता।**

सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री बालेन शाह ने अपनी सरकार को लीन गवर्नमेंट या चुस्त शासन के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने नेपाल की उस पुरानी परंपरा को तोड़ दिया जहाँ गठबंधन के सहयोगियों को खुश करने के लिए दर्जनों मंत्रालयों का निर्माण किया जाता था। बालेन ने मात्र 15 सदस्यीय मंत्रिपरिषद का गठन किया, जिसमें कई मंत्रालयों का विलय कर दिया गया ताकि प्रशासनिक खर्चों में कटौती की जा सके और निर्णय लेने की प्रक्रिया में गति आए। उनकी कैबिनेट में पहली बार 33 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की संवैधानिक शर्त को पूरी तरह से लागू किया गया, जिसमें सोबिता गौतम और प्रतिभा रावल जैसी प्रखर महिला नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं। साथ ही, डॉ. स्वर्णिम वागले जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री को वित्त मंत्री बनाकर सरकार ने यह संकेत दिया कि वह देश की चरमराती अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए पूरी तरह गंभीर है।

बालेन शाह की सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी एजेंडा 2082 विजन के रूप में सामने आया है। नेपाल की अर्थव्यवस्था वर्तमान में प्रेषण और आयात पर अत्यधिक निर्भर है, जिसे बालेन एक उत्पादन-आधारित और आत्मनिर्भर मॉडल में बदलना चाहते हैं। इस विजन के तहत अगले पांच वर्षों में नेपाल की जीडीपी को 49 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने और प्रति व्यक्ति आय को 3,000 डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने 1.2 मिलियन उत्पादक रोजगार सृजन का वादा किया है ताकि उस ब्रेन ड्रेन को रोका जा सके जिसके कारण हर दिन हजारों युवा खाड़ी देशों में मजदूरी के लिए जाने को मजबूर हैं। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से 30 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित करने और जलविद्युत उत्पादन को 15,000 मेगावाट तक ले जाने जैसे लक्ष्य इस सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाते हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करना आसान नहीं होगा क्योंकि इसके लिए नेपाल को लगातार दोहरे अंकों में विकास दर हासिल करनी होगी।

प्रशासनिक सुधारों के साथ-साथ, बालेन सरकार के सामने न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की एक बहुत बड़ी चुनौती है। सुशीला कार्की के नेतृत्व वाले जांच आयोग की रिपोर्ट ने यह खुलासा किया है कि 2025 के आंदोलनों के दौरान हुई मौतों के लिए पूर्व राजनीतिक और सुरक्षा नेतृत्व सीधे तौर पर जिम्मेदार था। बालेन ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट को पूरी तरह से लागू करने और दोषियों के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने का निर्णय लिया है। यह कदम उनके समर्थकों के बीच उनकी छवि को और मजबूत करेगा, लेकिन साथ ही इससे संसद में मौजूद विपक्ष के साथ उनके टकराव की संभावना भी बढ़ जाएगी। नेपाल जैसे देश में, जहाँ नौकरशाही और पुरानी व्यवस्था की जड़ें बहुत गहरी हैं, बालेन के लिए इन सुधारों को धरातल पर उतारना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा।

विदेश नीति के मोर्चे पर भी नई सरकार एक साफ स्लेट के साथ आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। बालेन शाह, जिन्होंने पूर्व में मेयर रहते हुए भारत और चीन के साथ मानचित्र विवादों पर अत्यंत राष्ट्रवादी और कभी-कभी आक्रामक रुख अपनाया था, अब प्रधानमंत्री के रूप में एक संतुलित नेपाल फर्स्ट नीति अपना रहे हैं। वे नेपाल को भारत और चीन के बीच के मात्र एक 'बफर स्टेट' के बजाय एक 'जीवंत सेतु' के रूप में विकसित करना चाहते हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के त्वरित बधाई संदेश और बालेन की सकारात्मक प्रतिक्रिया यह संकेत देती है कि दोनों देश ऊर्जा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को प्राथमिकता देने के इच्छुक हैं। वहीं, चीन के साथ संबंधों में सरकार किसी भी तरह के ऋण जाल से बचते हुए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की पक्षधर है। बालेन का मानना है कि नेपाल की संप्रभुता सर्वोपरि है और विदेश नीति का एकमात्र पैमाना नेपाली जनता का आर्थिक हित होना चाहिए।


नेपाल का यह प्रयोग न केवल उस देश के लिए बल्कि पूरे विश्व के लोकतंत्रों के लिए एक सबक है। यह दर्शाता है कि जब पारंपरिक नेतृत्व जनता की आकांक्षाओं को समझने में विफल रहता है और भ्रष्टाचार को ही अपनी कार्य संस्कृति बना लेता है, तो नई पीढ़ी डिजिटल क्रांति के हथियारों के साथ स्वयं सत्ता का रुख मोड़ देती है। हालांकि, बालेन शाह के सामने चुनौतियां अपार हैं-चाहे वह नौकरशाही का प्रतिरोध हो, प्रेषण पर अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता हो या युवाओं की तुरंत नतीजे पाने की अधीरता। नेपाल में 1990 के बाद से 30 से अधिक सरकारें बदली हैं और किसी ने भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। इस अस्थिरता को समाप्त कर एक स्थिर और समृद्ध नेपाल का निर्माण करना ही बालेन शाह की वास्तविक सफलता होगी। फिलहाल, नेपाल ने एक नया स्वप्न देखा है, और हिमालय की चोटियों पर एक ऐसी पीढ़ी की गूँज सुनाई दे रही है जो अब केवल सवाल नहीं पूछती, बल्कि स्वयं समाधान बनने का साहस रखती है। यह जेन-ज़ी सरकार यदि सफल होती है, तो यह आधुनिक लोकतांत्रिक परिवर्तनों के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

## नजरिया

# युद्ध के माहौल में महावीर के दर्शन की उपादेयता

**ललित गर्ग**

**मोबाइल : 9811051133**



> **भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं। वे इस सृष्टि के मानव-मन के दुःख-विमोचक हैं। पदार्थ के अभाव से उत्पन्न दुःख को सद्भाव से मिटाया जा सकता है, श्रम से मिटाया जा सकता है किंतु पदार्थ की आसक्ति से उत्पन्न दुख को कैसे मिटाया जाए?**

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिए वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर जयन्ती मनाते हुए हम केवल महावीर को पूजे ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीने के लिये संकल्पित हो। आज समुचित दुनिया युद्ध एवं आतंक के मुहाने पर खड़ी है.युद्ध की विकराल होती स्थितियां संपूर्ण मानवता के लिए एक बड़ा संकट बन रही है, ऐसी स्थितियों में युद्ध मुक्ति और अहिंसक समाज रचना के लिए महावीर के सिद्धांतों को अपनाने और महावीर के जीवन दर्शन को स्थापित करने की जरूरत है।

भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- 'अहिंसा'। सबसे पहले 'अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ 'महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते।

अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। ''आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम न समाचरेत'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें।

एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गौशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था।

महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े।

गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दूबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना।

महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं। वे इस सृष्टि के मानव-मन के दुःख-विमोचक हैं। पदार्थ के अभाव से उत्पन्न दुःख को सद्भाव से मिटाया जा सकता है, श्रम से मिटाया जा सकता है किंतु पदार्थ की आसक्ति से उत्पन्न दुख को कैसे मिटाया जाए? इसके लिए महावीर के दर्शन की अत्यंत उपादेयता है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके ने ईंधन भेजने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया

**कोलंबो/भाषा**

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में उत्पन्न व्यवधान के बीच भारत द्वारा तेल से भरा टैंकर भेजने के लिए रविवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के स्थानीय संचालन, लंका आईओसी के माध्यम से आपातकालीन सहायता के रूप में, 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल सहित 38,000 मीट्रिक टन ईंधन की एक खेप शनिवार को कोलंबो पहुंची। दिसानायके ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मैंने मोदी से पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की थी।



# 'लेडी बॉक्सर' की शूटिंग हुई शुरू

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह रखती हैं। हमेशा नई-नई फिल्में रिलीज करती रहती हैं। इसी कड़ी में वे 'फिल्म लेडी' बॉक्सर लेकर आ रही हैं।

राम नवमी के पावन अवसर पर उन्होंने आजमगढ़ से फिल्म 'लेडी बॉक्सर' की शूटिंग की शुरूआत कर दी है। अंजना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सेट से तस्वीर पोस्ट की। इसमें वे फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ नजर आ रही हैं। हाथ में क्लैपबोर्ड थामे अंजना सिंह काफी उत्साहित दिख रही हैं। क्लैप बोर्ड पर फिल्म का नाम 'लेडी बॉक्सर' साफ-साफ लिखा हुआ है। अभिनेत्री ने पोस्ट में कुछ लिखने के सिवाय नजर का स्टीकर लगाया है। संतोष जोशी जी द्वारा निर्देशित फिल्म का लेखन सत्येंद्र सिंह जी ने किया है जबकि रवि तिवारी जी फिल्म के मुख्य सहायक निदेशक हैं। संदीप सिंह जी और अथर्व सिंह जी फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म में अंजना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हालांकि, फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

भोजपुरी सिनेमा इन दिनों नई कहानियों और सशक्त महिला किरदारों की ओर बढ़ रहा है। 'लेडी बॉक्सर' इसी दिशा में एक अच्छा कदम है। भोजपुरी जगत में सास-बहू और देवरानी-जेठानी के रिश्ते से इतर अंजना ज्यादातर सशक्त महिला किरदारों वाली फिल्में करती हैं। उनकी हालिया फिल्म 'कुश्ती' भी महिला केंद्रित फिल्म थी, जिसमें एक किसान की बेटी खेत की मिट्टी से लेकर अखाड़े तक का सफर पूरा करती है।फिल्म की खास बात ये है कि इसमें उनकी बेटी भी अहम किरदार में नजर आई है। दरअसल, अंजना की लड़की अदिति ने फिल्म में अभिनेत्री के बचपन का किरदार निभाया है।

फिल्म का ट्रेलर तो पहले जारी कर दिया था, लेकिन इसके रिलीज की अभी तक कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है। देव पाण्डेय द्वारा निर्देशित फिल्म में अंजना सिंह के साथ जय यादव, देब सिंह, सुशील सिंह और मनोज टाइगर जैसे कलाकार अहम रोल में नजर आएंगे। वहीं, प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह फिल्म के निर्माता हैं।

## चुनाव अभियान



नेमम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा-एनडीए उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने पूझिकुन्नू स्थित सेंट एंथोनी चर्च में मत्था टेकने के बाद अपना जनसंपर्क अभियान तेज किया।

# हमारे मछुआरे सिर्फ समुद्र के योद्धा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर/भाषा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश के मेहनतकश परिश्रमी मछुआरों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सिर्फ समुद्र के योद्धा नहीं हैं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की एक मजबूत नींव भी हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के दौरान मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि चाहे बंदरगाहों का विकास हो या मछुआरों के लिए बीमा, ऐसी कई पहल है जो उनके बहुत काम आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे मछुआरे भाई-बहन न केवल समुद्र के योद्धा हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी हैं। वे सुबह होने से पहले समंदर की लहरों से जूझते हुए अपने परिवार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में जुट जाते हैं। मोदी ने स्वीकार किया कि मौसम के रुख का मछुआरों की समुद्री गतिविधियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए तकनीकी प्रगति के माध्यम से उन्हें पूरा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि इन प्रयासों से न केवल हमारे मत्स्य पालन क्षेत्र में सुधार हो रहा है, बल्कि कुछ नया करने का जज्बा भी भर रहा है।

मोदी ने कहा कि आज मत्स्य पालन क्षेत्र और समुद्री शैवाल (सीवीड) के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग हो रहे हैं और हमारे मछुआरे भाई-बहन आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने कुछ उदाहरण भी दिया जैसे कि ओडिशा के संबलपुर की सुजाता भूयान नाम की एक गृहणी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, सुजाता भूयान कुछ नया करके अपने परिवार की और मदद करना चाहती थीं। इसलिए कुछ वर्ष पहले उन्होंने हीराकुंड जलाशय में मत्स्य पालन शुरू किया। शुरुआती दिन उनके लिए आसान नहीं थे। मौसम में होने वाले बदलाव, मछलियों के खाने का प्रबंध और घर की जिम्मेदारियों के साथ संतुलन बनाने जैसी कई चुनौतियां थीं, लेकिन उनका हौसला अडिग था। केवल दो-तीन वर्ष के भीतर उन्होंने अपने प्रयास को एक फलते-फूलते व्यवसाय में बदल दिया।

उन्होंने कहा, लक्षद्वीप में मिनीकॉय के हाव्वा गुलजार जी की कहानी हमारी माताओं-बहनों की अद्भुत संकल्प-शक्ति को सामने लाती है। दरअसल वे एक मत्स्य प्रसंस्करण इकाई चलाती थीं। लेकिन उन्हें लगा कि उनके पास अगर एक अच्छा 'कोल्ड स्टोरेज' हो तो वे और बेहतर कर सकती हैं, इसलिए उन्होंने 'कोल्ड स्टोरेज' लगाने का फैसला किया। आज यही उनकी ताकत बन चुका है। अब वे बेहतर योजना के साथ कारोबार कर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि बेलगावी के शिवलिंग सतप्पा हुद्दार ने पारंपरिक खेती से अलग रास्ता चुना। इसके लिए उन्होंने एक 'पॉन्ड फार्म' बनाया।

# आपके पास हमेशा एक योजना होनी चाहिए : बोमन ईरानी

नई दिल्ली/भाषा। अभिनेता बोमन ईरानी का मानना है कि हमेशा एक योजना बनाकर काम करते रहना, सृजन करते रहना और खुद को नए सिरे से गढ़ते रहना जरूरी है।ईरानी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिल्ली (आईएफएफडी) में शामिल हुए।अभिनेता ईरानी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, कुछ भी करने की कोई उम्र नहीं होती, ऐसा कभी मत सोचना कि मेरा समय निकल गया है। ऐसा कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा, आखिर तक आप काम करते रह सकते हैं, सृजन करते रह सकते हैं, खुद को नए रूप में ढालते रह सकते हैं। आपके पास हमेशा एक योजना होनी चाहिए। जब तक आपके पास कुछ करने का जज़्बा है, तब तक हर कोई जवान है।अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दिल्ली (आईएफएफडी) 2026 के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के कई स्थानों पर 47 देशों की 140 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।



यह महोत्सव 25 मार्च को भारत मंडपम में शुरू हुआ और 31 मार्च को समाप्त होगा। इस फिल्म समारोह का आयोजन दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) द्वारा दिल्ली सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।ईरानी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हालांकि यह पहला संस्करण है, लेकिन ऐसा लगता है जैसे यह वर्षों से जारी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार शुरुआत है। भले ही यह पहला है, लेकिन ऐसा लगता है जैसे यह सालों से जारी हो। यह और भी बड़ा होता जाएगा। यही मेरी राय है।ईरानी से जब उनकी आगामी परियोजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। वर्ष 2025 में रिलीज हुई द मेहता बॉयज़ का निर्देशन बोमन ईरानी ने किया था और इसमें अविनाश तिवारी, श्रेया चौधरी और ईरानी ने अभिनय किया था।

# नेपाल: पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का को गिरफ्तार किया

**काठमांडू/भाषा**

नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों में इसकी जानकारी दी गयी है। 'द हिमालयन' ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के हवाले से बताया कि सीआईबी ने रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया। 'काठमांडू पोस्ट' की खबर के अनुसार, धन शोधन जांच विभाग से अनुरोध प्राप्त होने के बाद पुलिस ने खड्का को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। खबर में कहा गया है कि पिछले साल जनरेशन जेड के विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए जिसमें खड्का और पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा एवं पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के आवास पर जले हुए नोटों के टुकड़े दिख रहे थे। बाद में फोरेंसिक प्रयोगशाला परीक्षणों के माध्यम से इन निष्कर्षों की पुष्टि की गई। खबर के अनुसार, ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान खड्का पर परियोजनाओं के लिए लाइसेंस एवं अनुबंध दिलाने में सुविधा प्रदान करने के बदले वित्तीय लाभ प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था। यह गिरफ्तारी पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी के एक दिन बाद हुई है जिन पर पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेनरेशन जेड' के आंदोलन को दबाने में शामिल होने का आरोप है।

# खेसारी लाल यादव की 'श्री 420' का होगा टीवी पर प्रसारण

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय गायक और अभिनेता खेसारी लाल यादव जल्द ही कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'श्री420' टीवी पर लेकर आ रहे हैं। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म के टेलीविजन प्रसारण की तारीख का ऐलान कर दिया है। मेकर्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर लिखा, श्री 420 का विश्व टेलीविजन प्रीमियर दो दिन होगा। दर्शक फिल्म को 28 मार्च की शाम 6:30 बजे और 29 मार्च को सुबह 9:30 बजे आराम से फिल्म का मजा ले सकेंगे। खेसारी लाल यादव भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक हैं। वे न सिर्फ अच्छे अभिनेता हैं, बल्कि बेहतरीन गायक भी हैं। उनके गाने और फिल्में पूरे बिहार, झारखंड और पूर्वांचल में खूब पसंद की जाती हैं। फिल्म 'श्री 420' में खेसारी ठग के रोल में नजर आएंगे, जो कॉमेडी और एक्शन से भरपूर है। फिल्म में उनके साथ मधु शर्मा और श्वेता म्हारा जैसी अभिनेत्रियां भी मुख्य भूमिका में हैं।

छठ के पावन पर्व के दौरान फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और दर्शकों ने खूब पसंद भी किया था। अब दर्शक टीवी पर दो दिन इस फिल्म को देख पाएंगे। खेसारी लाल यादव की फिल्में हमेशा से मनोरंजन का बड़ा जरिया रही हैं। उनके फैंस लंबे समय



से इस फिल्म के टीवी प्रीमियर का इंतजार कर रहे थे। कॉमेडी से भरपूर फिल्म में खेसारी फिल्म में ठग के रोल में नजर आएंगे, जो चतुराई से अपने मिशन को अंजाम देता है। फिल्म का टाइटल पुरानी क्लासिक 'श्री 420' से प्रेरित है, लेकिन कहानी पूरी तरह नई और मनोरंजक है।

'श्री 420' में खेसारी लाल यादव के साथ मधु शर्मा और श्वेता महारा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ संजय पांडे, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैस, श्रद्धा नवल, निशा गुप्ता, श्लेषा मिश्रा, निशा गुप्ता, अलीशा शर्मा, उमाकांत राय, राहुल श्रीवास्तव, सोनू पांडेय, चंदन कश्यप, तवी तिवारी, अमन सिंह, कृति तिवारी, दिव्या यादव, सुनीता वर्मा, आयुषी पांडेय, दिव्या सिंह, बेबी सृष्टि जैसे कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म को मधु शर्मा और समीर आफताब ने प्रोड्यूस किया है। गाने का संगीत कृष्णा बेदर्दी ने तैयार किया है।




# संजना पांडे की 'तुलसी विवाह' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री संजना पांडे दर्शकों के लिए पारिवारिक ड्रामा फिल्म 'तुलसी विवाह' लेकर आ रही है। यह एक ऐसी साहसी महिला पर केंद्रित है, जो कैंसर बीमारी से लड़ते हुए अपना जीवन संभालती है। शनिवार को फिल्म के मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया। 4 मिनट 5 सेकंड के ट्रेलर की पूरी कहानी में तुलसी और उसका पति कई मुश्किलों का सामना करते हैं। ट्रेलर की शुरुआत तुलसी नाम की एक साधारण लड़की से होती है, जिसका किरदार संजना पांडे निभा रही हैं।

कहानी के प्रारंभ में, तुलसी को देखने आए वर पक्ष के लोग उसे पसंद कर लेते हैं और 'रोका' की रस्म संपन्न होती है। इसके पश्चात विवाह की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं, किंतु इसी बीच परिजनों को तुलसी के कैंसर से पीड़ित होने का पता चलता है। इस विषम परिस्थिति में तुलसी की चाची इस बात को गोपनीय रखने की सलाह देती हैं।

विवाह के बाद जब तुलसी अपने ससुराल पहुंचती है, तो ससुराल पक्ष को उसकी बीमारी का पता चलता है। वे इसे 'छल' मानकर तुलसी को घर से निकालने की बात करने लगते हैं। इस मुश्किल वक्त में तुलसी का पति उसका साथ देता है और इलाज शुरू करवाता है। हालांकि, इस संघर्षपूर्ण समय में सहायता के लिए कोई भी आगे नहीं आता, जिससे दोनों बहुत परेशान हो जाते हैं।

ट्रेलर के अंत में तुलसी अपने इलाज के लिए पैसे जुटाने के लिए लोकप्रिय शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में जाती दिखाई देती है। यह दृश्य फिल्म की भावुकता को और बढ़ा देता है।

मंजुल ठाकुर द्वारा निर्देशित फिल्म का लेखन सत्येन्द्र सिंह ने किया है और संगीत ओम झा ने तैयार किया है, जबकि इसके निर्माता संदीप सिंह व मंजुल ठाकुर हैं। फिल्म भोजपुरी पारिवारिक ड्रामा पर आधारित है। इसमें पारिवारिक रिश्तों, भावनाओं और संस्कारों को खूबसूरती से दिखाया गया है।

फिल्म में संजना पांडे के अलावा, गोलू तिवारी, संजय पांडेय, कंचन मिश्रा, आलोक सिंह, प्रकाश जैस, निशा तिवारी, पुष्पेंद्र सिंह, और श्वेता कुमारी जैसे कलाकार नजर आएंगे।

# 'आचारी बा' में नीना गुप्ता के अभिनय की कायल हुईं हेमा मालिनी

**मुंबई/एजेन्सी**

मथुरा की सांसद बनने के बाद बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी फिल्मों के बारे में कम ही बात करती हैं, लेकिन अब उन्होंने ऐसी फिल्म की तारीफ की है जिसे पिछले साल ओटीटी पर रिलीज किया गया था। उन्होंने एक्ट्रेस नीना गुप्ता की फिल्म 'आचारी बा' की जमकर तारीफ की है और सभी से अपील है कि ऐसी प्रेरित करने वाली फिल्मों को जरूर देखें। हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया के जरिए बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'आचारी बा' की तारीफ की। अभिनेत्री के मुताबिक, फिल्म की कहानी महिला के दृढ़ संकल्प और सशक्तीकरण का उदाहरण है और महिला के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर कर लिखा, हाल ही में मैंने 'आचारी बा' देखी, जो एक महिला के दृढ़ संकल्प और सशक्तिकरण की दिल छू लेने वाली कहानी है। सरल और प्रभावशाली प्रस्तुति। मैं कलाकारों और टीम को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। नीना गुप्ता ने शानदार अभिनय किया है और उनके साथ उनका प्यारा गोल्डन रिट्रीवर साथी था। यह फिल्म अवश्य देखने लायक है। 'आचारी बा' 14 मार्च 2025 को होली के मौके पर ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की गई थी। फिल्म की कहानी को



रिलीज के वक्त भी बहुत सराहना मिली थी, क्योंकि फिल्म में नीना गुप्ता ने तेज-तर्रार मंजू देवी से सीधी-साधी आचारी बेन का किरदार निभाया, जो अपनी पहचान के लिए बेटे तक को छोड़ने का फैसला लेती है।

फिल्म की कहानी एक मध्यवर्गीय परिवार की है, जिसमें नीना देवी यानी आचारी बा गांव में आचार बनाकर खुद का गुजारा करती है और मुंबई में परिवार के साथ रह रहे बेटे को उनसे कोई लेना देना नहीं। एक दिन अचानक बेटा मां को लेने के लिए आ जाता है और उसे अपने साथ 10 दिन रहने का प्रस्ताव देता है।

बाद में आचारी बा को पता चलता है कि उसे घर में कुत्ते की देखभाल के लिए लाया गया है। इसी उधेड़बुन में सोशल मीडिया के सहारे आचारी बा फेमस हो जाती है और कुकिंग कॉम्पीटिशन जीत जाती है। फिल्म में बहुत सारे भावनात्मक उतार-चढ़ाव है, जिनका अंदाजा फिल्म देखने के बाद ही लग सकता है। फिल्म जियो प्लस हॉटस्टार पर उपलब्ध है और फिल्म में नीना गुप्ता के बेटे का किरदार वत्सल सेठ ने निभाया है।

# अनुपम खेर ने दिया मॉडलिंग के लिए आवेदन!

**मुंबई/एजेन्सी**

अनुपम खेर आज के समय किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अभिनय की दुनिया में खास पहचान बनाई है। अभिनेता अपने अभिनय के साथ साथ शरीर पर भी पूरा ध्यान रखते हैं और रोजाना जिम जाते हैं। यही कारण है कि वे 71 की उम्र में भी इतने फिट नजर आते हैं। हाल ही में उन्होंने फॉर्मल कपड़ों के ब्रांड्स से भी आत्मविश्वास के साथ अपील की और कहा कि वह मॉडलिंग करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता हाल ही में एक आयोजन में गए हुए थे, जिसमें वे रेड कलर का फॉर्मल आउटफिट पहनते नजर आ रहे थे। इसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। फॉर्मल कपड़ों में बेहद स्टाइलिश दिखते हुए उन्होंने फॉर्मल वियर ब्रांड्स को सीधे आवेदन कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि वे मॉडलिंग करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अनुपम ने लिखा, मैं एक साधारण परिवार से आता हूं, जहां एक अच्छी शर्ट होना भी लग्जरी जैसा लगता था। मैं कभी सोचा नहीं था कि एक दिन मैं सिर्फ फॉर्मल कपड़े पहनूंगा ही नहीं, बल्कि उन्हें स्टाइल के साथ पहनूंगा।

उन्होंने आगे बताया कि अब जब वे फॉर्मल कपड़ों वाली तस्वीरों को देखते हैं तो उन्हें लगता है कि



उन्होंने खुद को काफी अच्छे से संवार लिया है। अनुपम खेर ने लिखा, 71 साल की उम्र में अपने आप में सेक्सी, एलिगेंट और बहुत आरामदायक महसूस कर रहा हूं और दोस्तों, यही सबसे बेहतरीन आउटफिट है जिसे कोई पहन सकता है।


अपने खास अंदाज में हास्य के साथ अनुपम खेर ने सभी फॉर्मल ब्रांड्स को खुला निमंत्रण दिया। उन्होंने लिखा, अगर कोई ब्रांड 71 साल के एक 'युवा' मॉडल की तलाश में है, जो अनुभव, आत्मविश्वास और थोड़ा स्वैग लेकर आए, तो मैं उपलब्ध हूं। जय हो। अभिनेता जल्द ही आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'खोसला का घोसला 2' में नजर आएंगे। अनुपम खेर और बोमन ईरानी मुख्य भूमिकाओं में वापसी कर रहे हैं, जबकि इस बार फिल्म का निर्देशन प्रशांत भागिया कर रहे हैं। यह फिल्म दिल्ली की पृष्ठभूमि पर आधारित एक फैमिली ड्रामा है।

# डेफ लेपर्ड के गानों पर झूम उठीं प्रीति जिंटा

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालिक प्रीति जिंटा इन दिनों भारत में ही हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ रॉक बैंड डेफ लेपर्ड का लाइव कॉन्सर्ट देखा। अभिनेत्री ने इस इवेंट में शामिल होने का श्रेय अभिनेता डिनो मोरे को दिया। प्रीति जिंटा ने अपने इंस्टाग्राम पर कॉन्सर्ट की तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए। इसमें अभिनेत्री के दोस्त और अभिनेता डिनो मोरे भी नजर आ रहे हैं। प्रीति ने लिखा, कभी-कभी आखिरी समय पर बने प्लान सच में कमाल के होते हैं। मेरे कॉन्सर्ट पार्टनर डिनो मोरिया को बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने बताया कि उन्हें इस कॉन्सर्ट में बहुत मजा आया। मुंबई की तेज गर्मी भी उनके जोश को कम नहीं कर पाई। पूरा अनुभव शानदार रहा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, सच कहूं तो मुझे सिर्फ चार गाने ही पता थे, लेकिन फिर भी मैं बहुत खुश होकर लौटी क्योंकि बैंड ने ठीक उन्हीं गानों को बजाया जिन्हें मैं जानती थी।

प्रीति ने आगे लिखा कि ऐसे आखिरी समय के प्लान, सच्चे दोस्त जो हर वक्त साथ दें और एक जोरदार रॉक कॉन्सर्टा ये सब मिलकर पुरानी यादों को ताजा कर देते हैं। उन्होंने खास तौर पर एक गाने का जिक्र किया। पोस्ट में पीएस लिखते हुए उन्होंने लिखा, 'पोर सम शुगर ऑन मी' वो गाना था जिसे मैं तब बार-बार सुनती थी जब पहली बार मुंबई आई थी। अब लगता है जैसे जिंदगी ने पूरा चक्कर लगाकर फिर उसी जगह आकर खड़ी हो गई हो। बता दें कि डेफ लेपर्ड इंग्लैंड के



शेफील्ड का एक बेहद प्रसिद्ध ब्रिटिश रॉक बैंड है, जिसका गठन 1977 में हुआ था। यह 1980 के दशक की शुरुआत में हार्ड रॉक और हेवी मेटल के सबसे सफल बैंडों में से एक बना। हिस्टीरिया और पायरोमेनिया जैसे एल्बमों के साथ उन्होंने विश्व स्तर पर धूम मचाई, जिसमें उन्होंने मेटल की ताकत को पॉप धुनों के साथ मिलाया था। 1980 के दशक के रॉक संगीत में, इन्हें मोटली क्रू, बॉन जोवी के साथ ग्लैम मेटल के 'बिग फोर' में गिना जाता है।

बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





कोयम्बटूर में रविवार को सामाजिक प्रवासी संगठन राजस्थानी संघ की ओर से राजस्थान निवास में प्रवासी उत्तर भारतीय मूल के लोग ने एक बैठक आयोजित की। जिसमें केंद्रीय कानून मंत्री राम मेघवाल ने भाग लिया। इस चुनाव मंथन बैठक में अखिल भारतीय महिला मोर्चा भाजपा के महिला अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन, राज्य भाजपा के महासचिव मुर्गानंदम्, भाजपा जिला अध्यक्ष जे, रमेश कुमार , चंद्रशेखर और अन्य ने भाग लिया सबका स्वागत राजस्थानी संघ के अध्यक्ष संतोष मूंदड़ा ने किया। इस अवसर पर 20 से ज्यादा सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि ने भाग लिया और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को कोयंबटूर हिसार की ट्रेन को हफ्ते मे दो बार चलाने का ज्ञापन दिया। बैठक में अनेक संघटनों द्वारा मंत्री अर्जुनराम मेघवाल का सम्मान किया गया।



महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में भगवान महावीर का झूला झुलाता लाभार्थी परिवार।



महोत्सव में भक्ति भाव में लीन श्रद्धालुगण।

# ‘मिलना नहीं प्रभु में मिटना’ ही सच्ची साधना : आचार्य कुलबोधिसूरीश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** किलपॉक श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान एवं आचार्यश्री कुलबोधिसूरिश्वरजी म.सा. के पावन सान्निध्य में रविवार को भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में एक ‘जन्म्यो राजदुलारो’ नामक भव्य कार्यक्रम का आयोजन एससी शाह भवन प्रांगण में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सफेद और लाल परिधानों में सजे धर्मावलंबियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने वातावरण को भक्ति और उत्साह से सराबोर कर दिया। गीत-संगीत और भावनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी के हृदय को छू लिया। इस दौरान लाभार्थी परिवारों द्वारा प्रभु महावीर का झूला झुलाने का दिव्य दृश्य उपस्थित जनसमूह के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

अपने ओजस्वी एवं प्रभावशाली उद्बोधन में आचार्यश्री ने जीवन के गूढ़ सत्य को सरल शब्दों में व्यक्त करते हुए कहा कि इस ‘संसार में मिलना’ और मिटना’, ये दो शब्द अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मिलना अर्थात अपने अस्तित्व को बनाए रखना, जबकि मिटना अर्थात स्वयं को प्रभु में पूर्णतः विलीन कर देना। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मचिंतन हेतु प्रेरित करते हुए प्रश्न किया- आज आप प्रभु से मिलने आए हैं या प्रभु में मिटने? उन्होंने सजीव उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार दूध में शक्कर घुलकर अपना अस्तित्व समाप्त कर देती है, उसी प्रकार साधक को भी प्रभु में विलीन हो जाना चाहिए। उन्होंने पुणिया श्रावक, रावण और नागकेतु जैसे प्रसंगों द्वारा बताया कि प्रभु से मिलने से नहीं, बल्कि मिटने से ही आत्मा का उत्कर्ष संभव है। आचार्यश्री ने भक्ति और ज्ञान का सुंदर अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि ज्ञान के पास हमें जाना पड़ता है, जबकि भक्ति स्वयं हमारे पास आ जाती है। साधक परमात्मा को खोजता है, परंतु सच्चा भक्त परमात्मा में खो जाता है।

कार्यक्रम के दौरान जीतो संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने आचार्यश्री से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधि अरुण ओस्तवाल ने जानकारी दी कि आगामी 9 अप्रैल को अयनावरम स्थित जैन दादावाड़ी में नवकार दिवस का आयोजन विश्व शांति की भावना से किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की भागीदारी अपेक्षित है। अंत में आचार्यश्री ने नवकार मंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि इसमें अपार शक्ति निहित है और इसे विश्व के प्रत्येक कोने तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।



# एमसी रोड में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** श्री कपिल मुनि जी म.सा. चेन्नई में विचरण के दौरान धर्म प्रभावना करते हुए पुरुषवाक्कम स्थित पुंगलिया गेस्ट हाउस से विहार करके एम सी रोड स्थित जैन भवन पहुंचे। यहाँ संघ के पदाधिकारी गण व श्री जिनेश्वर जैन नवयुवक मंडल के सदस्यों ने मुनिश्री की अगवानी करके स्वागत किया। संघ के मंत्री सन्तोष बोहरा ने बताया कि कपिल मुनि जी म.सा. के सानिध्य व श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ व श्री जिनेश्वर जैन नवयुवक मण्डल एम. सी. रोड के तत्वावधान में 31 मार्च को अहिंसा के अग्रदूत, चरम-परम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव सामुहिक सामायिक साधना दिवस के रूप में जप तप की आराधना व पारमार्थिक उपक्रम के साथ भव्य समारोह पूर्वक मनाया जाएगा।

कपिल मुनि जी म.सा. ने कहा कि भगवान महावीर समता के साधक थे। समता की साधना से अहिंसा स्वत: फलित होती है। अत: भगवान महावीर के प्रत्येक अनुयायी को इस जन्म कल्याणक के प्रसंग पर सामायिक करके श्रद्धा भक्ति का परिचय प्रस्तुत करना चाहिए।

संघ के अध्यक्ष शिखरचंद बेताला ने बताया कि इस मौके पर सुबह 7 बजे से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए भगवान महावीर के संदेशों का उद्घोष करते हुए जैन भवन पहुचेगी।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**एकादशी श्रृंगार**

बेंगलूरु के बन्नरघट्टा रोड स्थित श्याम मंदिर में कामदा एकादशी के अवसर पर रविवार को बाबा श्याम का मनमोहक फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा श्याम के दर्शन किए। इस मौके पर मंदिर में शाम को आयोजित श्याम भजन संध्या में स्थानीय गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी।



# कुमट वॉरियर्स टीम बनी ‘जेसीआई स्मैशर्स लीग’ की विजेता

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय जेसीआई बेंगलूरु कॉस्मो द्वारा स्मैशर्स लीग-4.0 का आयोजन किया जिसमें 65 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस टूर्नामेंट में कुल 78 मैच खेले गए। प्रतियोगिता में कुमट वॉरियर्स टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि वीएच पावर स्मैशर्स टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष ललिता बोथरा, सचिव रीना गांधी, कोषाध्यक्ष दीपिका जैन एवं पूर्व अध्यक्ष सुनील मेहर की उपस्थिति थी। अन्य पदाधिकारियों ने व्यवस्था सँभाली ।



# भगवान महावीर के सिद्धांतों से ही विश्व शांति संभव : मुनिश्री पुलकित कुमार

## टीपीएफ ने कार्यशाला का किया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम सेंट्रल एवं वेस्ट जोन के संयुक्त तत्वावधान में 2625 वें भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में ‘वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है’ विषय पर शांतिनगर में मुनिश्री पुलकित कुमारजी के सान्निध्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि वर्तमान समय की युद्ध विभीषिका को देखते हुए वर्धमान अर्थात भगवान महावीर के सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता है।

वैश्विक अशांति में भगवान महावीर का अहिंसा सिद्धांत उपयोगी है। भगवान महावीर ने अनासक्ति का संदेश दिया, अभय एवं अहिंसा का उपदेश दिया। मुनिश्री ने कहा कि हमें गौरव है कि भगवान महावीर जैसे महापुरुषों के कारण आज भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है।

महावीर के सिद्धांत भीतर से प्रसन्नता देने वाला इनर हीलिंग के रूप में काम करता है। मुनिश्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भगवान महावीर के अहिंसा अपरिग्रह एवं अनेकांत के सिद्धांतों को समझ कर उसे पर चलने की आवश्यकता है। मुनि आदित्यकुमारजी ने कहा कि वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है। ङ्गङ्गमुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित साउथ जोन टीपीएफ के अध्यक्ष विक्रम कोठारी, डॉ मनीषा चौपड़ा ने अपने विचार व्यक्त किए । ङ्गसेंट्रल जोन अध्यक्ष पुष्पराज चोपड़ा ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर कोलकाता से जुगराज बैद, तुलसी साधना शिखर के अध्यक्ष सुरेश दक, मारवाड़ कांठा समाज के अध्यक्ष गौतम मुथा, कन्हैयालाल चिप्पड़, तेरापंथ सभा राजराजेश्वरीनगर के अध्यक्ष राकेश छाजेड़ आदि उपस्थित थे। माणकचन्द बलदोटा ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र घोषल ने तथा आभार ज्ञापन मंत्री कौशल खटेड ने किया।



# लायंस क्लब आनंद के ‘वार्षिकोत्सव’ में किया गया सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के लायंस क्लब बेंगलूरु सिटी आनंद का 66वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। अध्यक्ष सुरेश धोका ने सभी का स्वागत किया। सचिव अभिषेक बांठिया ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट पेश की तथा आगामी योजनाओं के तहत हनुमन्तनगर सरकारी पाठशाला में शौचालय निर्माण की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष हर्षित पोरवाल ने लेखा जोखा पेश किया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आकाश सुवर्णा ने चार्टर मेंबर सुरेश धोका एवं दिलीप कोठारी का सम्मान किया।

गत 55 वर्ष से क्लब से जुड़े वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल मूंदड़ा का लायंस इंटरनेशनल की ओर से आए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

इस अवसर क्लब के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। अभिषेक भाटिया ने धन्यवाद दिया।

# कोबा में बने ‘सम्राट् संप्रति म्यूजियम’ का कल लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। रविवार को जैन मरुधर संघ के तत्वावधान में मरुधर शांति भवन में आयोजित प्रवचन सभा में आचार्य पद्मसागरसूरीश्वरजी के वरिष्ठ शिष्य आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने बताया कि गुजरात की राजधानी गांधीनगर के समीप महावीर जैन आराधना केंद्र, कोबा में एक विश्वस्तरीय विशाल संग्रहालय बनकर तैयार हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से इस सम्राट संप्रति म्यूजियम का 31 मार्च को लोकार्पण होगा। आचार्यश्री ने कहा कि सपने तो हर कोई देख सकते हैं और उनके अनुसार योजनाएं भी बना सकते हैं, पर सफलताएं और सिद्धियां सबको नहीं मिलती। भाग्य के लेख, पुण्य का प्रताप, ध्येयनिष्ठा और अथक पुरुषार्थ के बल पर सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

कभी-कभी एक बड़े कार्य को साकार करते-करते पूरी जिंदगी गुजर जाती है। वर्तमान में जैन परंपरा के सभी संप्रदायों के कुल उन्नीस हजार साधु-संतों और जैनाचार्यों में एक यशस्वी नाम है वयोवृद्ध आचार्य पद्मसागरसूरीश्वर का। उन्नीस वर्ष की आयु में बंगाल के इस राजपूत युवा ने जैन साधु बनकर एक सपना देखा था, भारतीय संस्कृति और जैन इतिहास के संरक्षण का, जो अब सात दशक बाद साकार होने जा रहा है।

उन्होंने बताया कि करोड़ों की लागत से बने इस दर्शनीय विशाल म्यूजियम में सात अलग-अलग गैलेरी बनाई गईं हैं। इनमें प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथ, ताड़पत्रिय ग्रंथ, सोने व चांदी की स्याही से लिखे ग्रंथ, विज्ञप्ति पत्र, पट्ट, पैटिंग्स, मूर्तियां, शिलालेख, सिक्के और ढ़ेर सारी दुर्लभ, अमूल्य पुरातात्विक सामग्री भारतीय संस्कृति और जैनधर्म के गौरवशाली इतिहास को जीवंत करेगी। गणि पद्मविमलसागरजी ने बताया कि ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अब तक हजारों जैन, हिन्दू, बौद्ध और ईसाई स्कॉलर इस संस्थान में आ चुके हैं।

हजारों साधु-संत भी यहां की साहित्यिक धरोहर से लाभांवित हो चुके हैं। उल्लेखनीय हैं कि केंद्र सरकार के भारत विरासत महोत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोबा आ रहे हैं। इस मौके पर आचार्य अजयसागरसूरीश्वरजी के साथ गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी, गौतम अदानी तथा टोरंट फार्मा के सुधीर मेहता इस समग्र महोत्सव की संयोजना में लगे हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.